जबलपुर
शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS+
"इरादे बड़े हों
तो कुछ भी नामुमकिन नहीं"
नई HF-Deluxe Pro
एच एफ डीलक्स - नए इंडियन की डीलक्स बाइक
नया एक्स-शोरूम
पुराना एक्स-शोरूम
धनतेरस पर सुनिश्चित डिलीवरी के लिए अभी बुक करें
GST लाभ | ₹4 918^
₹62 938#
₹58 020#
सेगमेंट में पहला* LED हेडलैंप
सेगमेंट में पहला* डिजिटल कंसोल
नए ग्राफिक्स
बेहतरीन माइलेज
SCAN TO KNOW MORE
डाउन पेमेंट @ ₹999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
pine labs
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹1800$ तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY
*Conditions apply
Hero GoodLife
Stand a chance to win 100% Cashback 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*
Additional offers on Flipkart amazon.in
TOLL FREE
1800 266 0018
VML.5840.2025HIN

जबलपुर

शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-11

वर्ष : 20, अंक : 170

पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 29

न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




पीएम मोदी का आंध्र प्रदेश दौरा

## श्रीशैलम मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के नंदयाल जिले में स्थित प्रसिद्ध श्रीशैलम मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के एक दिवसीय दौरे पर श्री भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुनस्वामी वरला देवस्थानम के दर्शन किए, जो 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक और 52 शक्तिपीठों में से एक है।

### सीएम डॉ. यादव की रैलियों में उमड़ा हुजूम, लगे भाजपा के समर्थन में नारे

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार लगाएगी जीत की हैट्रिक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार जीत की हैट्रिक लगाएगी। इसके लिए उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं लेकर लोगों से उनके लिए वोट मांगा। उन्होंने पटना की कुम्हरार निर्वाचन क्षेत्र के कदमकुआं और विक्रम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पार्वती स्कूल स्पोर्ट्स ग्राउंड में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने विधानसभा कुम्हरार में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय गुप्ता और विक्रम नर्वाचन क्षेत्र में सिद्धार्थ सौरव के पक्ष में जनता से वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री ने मांगा बिहार चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन



**बिहार की जनता झेल चुकी जंगलराज**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार महात्मा गौतम बुद्ध की धरती है। इस चुनाव में हमारे प्रत्याशी सिद्धार्थ ने निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की है। बिहार की जनता ने कभी जंगलराज झेला है। कांग्रेस और विपक्षी दलों की सरकारों में लाइसेंस, कोटा और परमिट राज चलता था। कांग्रेस के राज में देश की हालत दयनीय हो गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं की योग्यता का गला घोंटा और बिहार को बर्बाद किया। उसके बाद हाथ में लालटेन पकड़ा दी। बिहार की ऐसी दुर्दशा तब है, जब देश में सबसे ज्यादा आईएएस यहीं से निकलते हैं। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने लोकतंत्र की रक्षा की।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### एयर फोर्स रैंकिंग: भारत ने चीन को भी पछाड़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली वायुसेना का खिताब हासिल कर लिया है। वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉर्डन मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग में शीर्ष पर अब भी अमेरिका का दबदबा कायम है। इसके बाद रूस का स्थान है। चीन अब चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले चीन तीसरे स्थान पर था और चौथा स्थान भारत के पास था। लेकिन अब भारत चीन से आगे निकल गया है।



### कैबिनेट फेरबदल की वजह : 2027 के चुनाव की तैयारी, सत्ता विरोधी लहर से बचना

# गुजरात सरकार के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा अब दो डिप्टी सीएम होंगे, नए चेहरे लाए जाएंगे

*मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के बाद से गुजरात सरकार में लगातार बदलाव हुए हैं। आनंदीबेन पटेल और विजय रूपाणी सरकारों के अचानक इस्तीफे और अब मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सरकार में बदलाव। ये सारे बदलाव तभी हुए हैं, जब गुजरात की जनता में सत्ता विरोधी लहर का असर महसूस होने लगा*

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल कैबिनेट के सभी 16 मंत्रियों ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। आज शुक्रवार को गांधीनगर में सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ होगी। फेरबदल के बाद मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, वहीं, 2 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं।

**आज सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ**



**पुराने दिग्गजों को वापस लाने की तैयारी**

राजनीतिक चर्चा है कि 2027 में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने विसावदर सीट जीतकर भाजपा को चिंता में डाल दिया है। इसलिए भाजपा भी अब कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। भाजपा में ताकतवर माने जाने वाले लेकिन लंबे समय से किसी न किसी वजह से दरकिनार किए गए नेताओं को अब बड़े पद दिए जाएंगे

- कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं
- गुजरात में 27 मंत्री बनाए जाने का स्पेस
- कई मंत्रियों के कामकाज से आलाकमान संतुष्ट नहीं
- जनवरी में नगर पंचायत चुनाव भी होने हैं

**10 नेताओं को मंत्री बनने का मौका मिलेगा**

नए मंत्रिमंडल में 16 में से 7-10 मंत्रियों को ड्रॉप और 3-5 मंत्री रिपीट किए जा सकते हैं। नए चेहरों में कांग्रेस से आए अर्जुन मोढवाड़िया, अल्पेश ठाकोर, सीजे चावड़ा और हार्दिक पटेल को मौका मिल सकता है। सौराष्ट्र से जयेश राददिया और जीतू वाघानी को मंत्रिमंडल में जगह मिलना तय है। खासकर पाटीदारों और उत्तर गुजरात से ठाकोर समुदाय को तवज्जो दी जाएगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक मंत्रिपरिषद विस्तार में 10 नेताओं को मंत्री बनने का मौका मिल सकता है और पिछली कैबिनेट में रहे मंत्रियों को हटाया जा सकता है।

### प्रमोशन में आरक्षण: सरकार ने पेश किया जवाब

# 2 घंटे की बहस पर भी नहीं मिली अंतरिम राहत, अब सीधे फैसला

***सरकार को हाईकोर्ट का निर्देश- 28 अक्टूबर के पहले नियम 5 के तहत की गई कार्यवाही का ब्यौरा बंद लिफाफे मे कोर्ट मे पेश किया जाए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर गुरुवार को मप्र हाईकोर्ट में 2 घंटे तक सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने कोर्ट से डीपीसी व प्रमोशन प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति मांगी , जिस पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अब अंतरिम आदेश की जगह अंतिम निर्णय सुनाया जाएगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से कहा कि यदि वह चाहे तो क्वांटिफायबल डेटा सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकती है।



**सुप्रीम कोर्ट से तेलंगाना सरकार को झटका**

### याचिका खारिज की और कहा 50% वाली लिमिट याद रखिए

**नई दिल्ली।** तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने तेलंगाना सरकार की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग, या ओबीसी, समुदायों के लिए बढ़े हुए आरक्षण पर हाई कोर्ट के अंतरिम स्टे को चुनौती दी गई थी। दरअसल, तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार ने राज्य में ओबीसी के लिए आरक्षण सीमा को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था।

### 'भगोड़ों का प्रत्यर्पण: चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले

# भगोड़े अपराधियों की 10 सालों में करीब 1054 अरब रुपए की 'संपत्ति' जब्त की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमें भगोड़े अपराधियों के मन में से इस एश्योरेंस को खत्म करना चाहिए कि कानून उन तक नहीं पहुंच सकता। इसके साथ ही, कानूनी, वित्तीय और राजनीतिक समर्थन के इकोसिस्टम को भी हमें समाप्त करना होगा। भगोड़ों द्वारा बाहर जाकर बनाए गए संस्थागत नेक्सस को भी हमें समाप्त करना होगा*

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2018 में हम भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम लाए, जिसके तहत सरकार को आर्थिक भगोड़ों की भारत में मौजूद संपत्तियों को ज़ब्त करने का अधिकार दिया गया और 4 साल में सरकार ने लगभग 2 बिलियन डॉलर की रिकवरी की है। मनी लॉन्ड्रिंग कानून को और अधिक सख्त औऱ पुख्ता किया गया है और 2014 से 2023 के बीच लगभग 1054.86 अरब रुपए की संपत्ति अटैच की गई है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे देश के अर्थतंत्र, संप्रभुता और सुरक्षा को नुकसान कर विदेशों में बैठे हुए लोगों के मन में हम भारतीय न्याय प्रणाली का भय खड़ा नहीं करते तब तक हम देश को सुरक्षित नहीं कर सकते। सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगोड़ों को पकड़ने के लिए एक विशेष ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया है जो दुनियाभर की पुलिस से रियल टाइम समन्वय स्थापित कर रहा है। जनवरी, 2025 से सितंबर तक 189 से अधिक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं, जो सीबीआई के इतिहास में सबसे ज्यादा है। सीबीआई के सहयोग से हर राज्य को अपने यहां एक ऐसी यूनिट खड़ी करनी होगी जो राज्य में अपराध करके भागे हुए भगोड़ों को वापिस लाने के तंत्र की रचना करे।

- विदेश में बैठे लोगों के मन में भारतीय न्याय प्रणाली का भय होना
- भगोड़ों के डेटाबेस को पूरे देश की पुलिस के साथ साझा करें

हर राज्य में प्रत्यर्पण के के लिए एक्सपर्ट स्पेशल सेल बनाएं




**अपराधी की चाल से अधिक न्याय की गति हो**

शाह ने कहा कि हमारा संकल्प होना चाहिए कि अपराधी की चाल कितनी भी तेज हो, न्याय की पहुंच उससे भी अधिक गतिवान होनी चहिए। प्रत्यर्पण प्रणाली सीमाओं के परे न्याय की पहुंच को सुनिश्चित करना, इनकी पहचान की प्रणाली को अत्याधुनिक और सटीक बनाना, कानून और न्यायिक व्यवस्था के प्रति अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को बढ़ाना, आर्थिक प्रणाली की रक्षा के साथ दुनिया के देशों को हमारी चिंता में शामिल करना होना चाहिए।

**भगोड़े अपराधियों का मुद्दा देश की सुरक्षा के साथ जुड़ा**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भगोड़े अपराधियों का मुद्दा देश की संप्रभुता, आर्थिक स्थिरता और कानून व्यवस्था के साथ-साथ देश की सुरक्षा के साथ भी जुड़ा हुआ है। हर भगोड़े के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ समयबद्ध तरीके से उसे भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का समय अब आ गया है।


**केंद्रीय गृह मंत्री शाह की दो टूक**

***नक्सली सरेंडर करें या कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें***

*केंद्रीय गृह अमित शाह ने कहा है कि पिछले दो दिनों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता। छत्तीसगढ़ में आज 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, महाराष्ट्र में भी कल 61 नक्सली हथियार त्याग कर मुख्यधारा में लौटे। एक समय आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया गया है।*

### सिम्बायोसिस, पुणे में बोले रक्षा मंत्री

# आत्मनिर्भरता का जीवंत प्रमाण है ऑपरेशन सिंदूर



एजेंसी ▶▶ पुणे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मनिर्भरता का जीता-जागता प्रमाण है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारी सेनाओं ने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा क्षेत्र में आजादी के बाद से जो स्थितियां थीं, उनको हमने तोड़ा। हमने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने सैनिकों के लिए हथियार खुद अपने देश में बनाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने भारत में बने उपकरणों का इस्तेमाल बड़ी मात्रा में किया है। राजनाथ सिंह गुरुवार को सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब हम सबका लक्ष्य है कि 2029 तक हम इस घरेलू रक्षा निर्माण को 3 लाख करोड़ रुपए तक ले जाएं ।

**कौशल के साथ संवेदनशीलता जरूरी**

राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी कौशल तभी सार्थक है, जब वो समाज के काम आए। अगर आपका कौशल सिर्फ अपने तक सीमित है, तो वह अधूरा है। कौशल के साथ ही संवेदनशीलता भी जरूरी है। जब देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो ऐसे संस्थान और ऐसे कोर्स, हमारे लिए बहुत जरूरी हो जाते हैं। हमें आज ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो सिर्फ पढ़े-लिखे न हों, बल्कि स्वदेशी तकनीक को समझें, उसे बनाएं और आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि एक स्किल मांइड कभी रुकता नहीं, वो हर परिस्थिति में रास्ता खोज लेता है। आपका हर कदम किसी क्रिएशन की दिशा में उठेगा और अपने कौशल, अपने परिश्रम और अपने संकल्प से, आप इतिहास बनाएंगे। यह समय की जरूरत है कि आप इस महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ें।


### एयर इंडिया हादसे की हो पारदर्शी न्यायिक जांच

**नई दिल्ली।** जून में हादसे का शिकार हुए एयर इंडिया विमान के पायलट इन कमांड दिवंगत कैप्टन सुमित सभरवाल के पिता पुष्करराज ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर हादसे की निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रुप से सुदृढ़ जांच की मांग की है। सभरवाल एयर इंडिया की दुर्घटना में पायलट-इन-कमांड थे। उनके पिता ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और मांग की है कि बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान की दुर्घटना की सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ जांच करवाई जाए।



### यमन में निमिषा प्रिया की मौत की सजा टली

**नई दिल्ली।** केरल की नर्स निमिषा प्रिया, जो यमन में मौत की सजा का सामना कर रही थीं, उनकी सजा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को ये जानकारी दी है। निमिषा प्रिया को कानूनी मदद देने वाले संगठन 'सेव निमिशा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' के वकील ने बताया कि फिलहाल सजा पर रोक लगा दी गई है। इस वजह से संगठन ने कोर्ट से मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई जनवरी 2026 में होगी। अगर जरूरत पड़ी तो पार्टियां जल्दी सुनवाई के लिए आवेदन करें।



### मलेशिया में फ्लू से 6000 बच्चे संक्रमित

**नई दिल्ली।** बीते एक महीने से जापान 'देशव्यापी फ्लू महामारी' का प्रकोप झेल रहा है। मलेशिया केशिक्षा महानिदेशक मोहम्मद आजम अहमद ने बताया कि देश में लगभग 6,000 छात्र इन्फ्लूएंजा से संक्रमित हो गए हैं। बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने स्कूलों को इन दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए याद दिलाया है।

***श्रीलंका पीएम ने की विदेश मंत्री जयशंकर से भेंट***

## भारत की डिजिटल गवर्नेंस को सराहा दूसरे देशों के लिए बताया उदाहरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात भी की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर बात की। इस दौरान पीएम अमरसूर्या ने भारत की डिजिटल गवर्नेंस में प्रगति की भी तारीफ की। उन्होंने इसे दूसरे देशों के लिए उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारत वास्तव में एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे डिजिटलाइजेशन सरकारों की अधिक जवाबदेही और पारदर्शी बना सकता है। उन्होंने बताया कि श्रीलंका भारत के मॉडल पर ध्यान



दे रहा है और देख रहा है कि कैसे इसी तरह की पहल वहां लागू की जा सकती है। श्रीलंकाई पीएम गुरुवार सुबह तीन दिन के दौरे पर दिल्ली आई हैं। पीएम बनने के बाद उनका यह पहला भारत दौरा है। वहीं, दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा घर, दफ्तर और देशों के बीच पुल बनाएं, दीवारें नहीं।

### केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत की विकास रणनीति का दिया मंत्र, कहा

भारत-ब्राजील की मित्रता दीर्घकालिक समृद्धि लाएगी

# मजबूत अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा और जनकल्याण ही तीन विशेष स्तंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भारत-ब्राजील व्यापार संवाद को संबोधित करते हुए भारत की विकास यात्रा के तीन प्रमुख स्तंभ बताए। पहला स्तंभ- मजबूत सूक्ष्म अर्थव्यवस्था की बुनियाद, जिसमें कम मुद्रास्फीति, स्थिर वृद्धि, सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली और 700 अरब अमेरिकी डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार शामिल हैं।

दूसरा स्तंभ- आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विस्तार, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, लॉजिस्टिक लागत घटती है और उद्यमिता व रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। तीसरा स्तंभ- नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार। इसके तहत सरकार ने मध्यवर्ग पर आयकर का बोझ घटाया, जीएसटी प्रणाली को सरल बनाया और व्यापार सुगमता के लिए सुधार लागू किए।



***भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जल्द बनेगा***

*मंत्री गोयल ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और वर्ष 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखता है। देश का सकल घरेलू उत्पाद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।*

**रिश्ते फुटबॉल की तरह जुनूनी हों**

पीयूष गोयल ने पीएम नरेंद्र मोदी के हवाले से कहा कि भारत-ब्राजील के रिश्ते उतने ही रंगीन हों जितना कोई कार्निवाल और उतने ही जुनूनी हों जितना कि फुटबॉल। उन्होंने बताया कि ब्राजील ने योग और आयुर्वेद को अपने हेल्थ इकोसिस्टम में शामिल किया है, जो पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत करेगा। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला द सिल्वा का उद्धरण देते हुए कहा कि पेड़ लगाए बगैर कोई भी फल नहीं पा सकता। भारत ने दीर्घकालिक विकास और साझेदारी के बीज बो दिए हैं और विश्वास जताया कि भारत-ब्राजील की मित्रता दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक समृद्धि लाएगी।

**वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान दे रहे**

*कार्यक्रम में ब्राजील के उपराष्ट्रपति जेराल्डो आल्कमिन और रक्षा मंत्री जोसे मूसियो मोंटेइरो फिल्हो की उपस्थिति के लिए पीयूष गोयल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत और ब्राजील के बीच गहरे होते संबंधों का प्रतीक है। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील दोनों ही दुनिया के प्रमुख कृषि उत्पादक देश हैं और वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देते हैं। यह संवाद कृषि व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए सहयोग के रास्ते खोलेगा।*

# एनडीए ने उम्मीदवारों के चयन में मारी बाजी, महागठबंधन में अभी हो रहा महामंथन

**जदयू की दूसरी सूची में 44 को मिला टिकट, अब तक 229 नाम घोषित**

## पिछड़ा, अति पिछड़ा और एससी-एसटी को दी जगह, भूमिहार के भी 9 प्रत्याशी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

सीएम नीतीश कुमार की पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में 44 प्रत्याशियों को जगह मिली है। गोपालपुर के वर्तमान विधायक और जदयू नेता गोपाल मंडल का टिकट काट दिया है।

जदयू ने उनकी जगह बुलो मंडल को उम्मीदवार बनाया है। इस सूची में पिछड़े वर्ग से 37, अतिपिछड़ा 22, सामान्य से 22, अनुसूचित जाति से 15, अल्पसंख्यक से 4, अनुसूचित जनजाति से एक प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं कुल 101 प्रत्याशियों में 13 महिला भी हैं। जदयू ने सबसे अधिक कुशवाहा समाज के 13 प्रत्याशी, कुर्मी समाज के 12 प्रत्याशी, राजपूत समाज के 10 प्रत्याशी भूमिहार समाज के 9 प्रत्याशी, यादव और धानुक समाज के आठ प्रत्याशियों को टिकट दिया है।

### राजद छोड़कर आए विभा और चेतन को दिया टिकट



जदयू की दूसरी सूची में मंत्री विजेंद्र यादव, लेशी सिंह, शीला मंडल, कलाधर मंडल, सुमित सिंह समेत कई दिग्गजों के नाम शामिल हैं। जो सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के खाते में जाने की बात सामने आई थी, वहां भी जदयू ने अपना प्रत्याशी उतार दिया है। राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं पूर्व मंत्री राजवल्लभ यादव पत्नी व वर्तमान विधायक विभा देवी को नवादा से टिकट दिया है। जनता दल यूनाईटेड ने इस बार पिछले और अतिपिछड़े समाज से कुल 59 लोगों को टिकट दिया है। आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद और सुमित सिंह का नाम भी शामिल है।

### एनडीए ने अब तक 229 उम्मीदवारों के नाम का कर दिया ऐलान

एनडीए पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतर चुका है। अब तक 229 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान हो चुका है। भाजपा और जेडीयू के नेता जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं और प्रचार अभियान को धार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डॉ. मोहन यादव और विष्णुदेव साय पहली रैली से एनडीए के प्रचार की शुरुआत कर दी है, वहीं गृह मंत्री अमित शाह भी पटना पहुंचे।

### बिहार में राजग प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौटेगा: साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नेदावा किया कि बिहार विधानसभा चुनावों के बाद राजग प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगा। कई भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने में शामिल होने के बाद साय ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने उल्लेखनीय विकास किया है। केंद्र सरकार बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विधानसभा चुनावों के परिणाम आने पर राजग एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा।

**महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेंच में फंसा**

## अब केवल 27 घंटे बाकी और बढ़ती जा रही आंतरिक असहमति और 'बड़ी मांग'



बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण करीब है, लेकिन महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेंच में फंसा हुआ है। पहले चरण के नामांकन की आखिरी तारीख में सिर्फ 27 घंटे बाकी हैं, फिर भी किसी भी दल ने उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आंतरिक असहमति और छोटे सहयोगी दलों की नाराजगी के कारण सीटों पर अंतिम बात नहीं बन रही है। मुख्य सहयोगी राजद, कांग्रेस और वामदलों ने अपने संभावित उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिए हैं, लेकिन औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। कई सीट पर दोहरी दावेदारी सामने आई है।

### सहनी महागठबंधन से नाराज आईपी गुप्ता ने नाता तोड़ा

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी भी महागठबंधन से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सहनी को सीटों की संख्या और चयन को लेकर आपत्ति है। वहीं आईपी गुप्ता ने भी गठबंधन से नाता तोड़ लिया है।

### एनडीए अपनी सोचे, महागठबंधन तो सरकार बना रही: कांग्रेस



भले ही गहमागहमी बढ़ी हो लेकिन कांग्रेस एनडीए पर अपना तीखा हमला जारी रखा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठी है, एनडीए को अपनी चिंता करनी चाहिए। काम बहुत अच्छे से चल रहा है। सिंबल बांटे जा रहे हैं, नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बहुत जल्द पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। एनडीए को अपने घर की चिंता करनी चाहिए।

### ईडी गठबंधन में आई दरार, शरद पवार की पार्टी का अलग रुख



इंडी गठबंधन में दरार आ गई है। यह दरार एनसीपी (शरद पवार) के संसद की एक संयुक्त समिति का हिस्सा बनने के फैसले के बाद आई है। यह समिति उन तीन विधेयकों पर चर्चा करेगी जिनमें यह प्रस्ताव है कि अगर प्रधानमंत्री या कोई मंत्री गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक जेल में रहे तो उनकी सदस्यता खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगी।

**तेघड़ा में नामांकन पर हंगामा, पुलिस का लाठीचार्ज!**

नामांकन प्रक्रिया के दौरान बेगूसराय जिले के तेघड़ा में हंगामा मच गया। तेघड़ा अनुमंडल कार्यालय परिसर के बाहर कांग्रेस प्रत्याशी शिवप्रकाश गरीबदास के नामांकन के समय एनडीए प्रत्याशी और बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता भी पहुंच गए। दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच नारेबाजी और धक्कमुक्की की स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ दिया।

**खेसारी लाल खुद राजद से लड़ेंगे चुनाव**

भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव छपरा सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वे पत्नी चंदा यादव की जगह खुद चुनावी मैदान में उतरेंगे। लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी चंदा देवी को छपरा से टिकट दिया था। वे पत्नी की जगह छपरा से खेसारी खुद राजद के सिंबल से नामांकन करेंगे।

**वीआईपी में घमासान**

### आपस में भिड़े कार्यकर्ता

पटना के मौर्य होटल में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी की प्रेस कांफ्रेंस के लिए जुटे पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मौर्य होटल में मुकेश सहनी की प्रेस कांफ्रेंस के लिए कार्यकर्ता भारी संख्या में जमा हुए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर पार्टी के दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

**महुआ से नहीं मिला टिकट**

### तो फूट फूटकर रोने लगीं आशमा परवीन

महुआ विधानसभा सीट से टिकट कटने के बाद जदयू की प्रदेश महासचिव डॉक्टर आशमा परवीन फूट-फूटकर रोने लगीं । फिर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू के सिंबल पर आशमा परवीन ने चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गईं थीं।

**एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में बोला चुनाव आयोग**

## याचिकाकर्ता यहां चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डालना चाह रहे



बिहार एसआईआर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि याचिका लगाने वाले लोग चुनाव प्रक्रिया में रुकावट डालना चाहते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटर सब जानते हैं और संतुष्ट हैं, लेकिन एडीआर को एनालिटिक्स के लिए सब तुरंत चाहिए। आयोग ने कहा क एक भी अपील नहीं आई है। भूषण ने कहा कि जिनके नाम हटाए गए हैं, उनकी लिस्ट भी जारी की जानी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। भूषण ने कहा कि उन्हें प्रकाशित करना ही होगा, हम इस मामले को बंद नहीं कर रहे हैं। भूषण ने कहा कि 65 लाख लोगों को हटाने के बाद उन्होंने कुछ और लोगों को हटा दिया है, लेकिन सूची जारी नहीं की है। जस्टिस कांत ने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है, अभी तक सूची तैयार नहीं हुई है। भूषण ने कहा कि नियमों के अनुसार इस संबंध में वास्तविक समय में पारदर्शिता जरूरी है। नए नाम भी शामिल नहीं किए गए हैं।

### चुनाव आयोग ने 10 दिन का समय मांगा

आयोग ने कहा कि व्यापक स्तर पर दाखिल हलफनामे में इस मुद्दे को संबोधित किया गया है, लेकिन इस पर अलग से जवाब दे देंगे और उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय मांगा है और उन्हें यह समय प्रदान किया गया है। इस मामले में अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी।

**खबर संक्षेप**

### सीएम रेखा ने कालिंदी कुंज घाट का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली के प्रमुख कालिंदी कुंज यमुना घाट का दौरा किया और आगामी छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उनके दौरे से पहले ही तमाम सरकारी एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी घाट पर मौजूद रहे। इस बार यमुना किनारे के सभी घाटों पर छठ पूजा मनाने की घोषणा की है।



### यूट्यूबर और फाजिलपुरिया के खिलाफ चार्जशीट सौंपी

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर एल्विश यादव और पंजाबी सिंगर फाजिलपुरिया पर ईडी ने गुरुग्राम स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। बताया जा रहा कि ये मामला भी सांपों के इस्तेमाल से जुड़ा हुआ है। उन पर सांपों और छिपकलियों से जुड़े अपराध में धन शोधन का आरोप है।



### पति ने बेहोशी का इंजेक्शन देकर पत्नी की जान ली

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलूरू में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक सर्जन डॉक्टर को अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मृतका भी डॉक्टर थी। आरोप है कि पति ने इलाज के बहाने बार-बार अपनी पत्नी को बेहोशी का इंजेक्शन देकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है।



### पटना सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**पटना।** यहां सिविल कोर्ट में बम की धमकी मिलने पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। अदालत परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन जांच के बाद राहत की खबर मिली कि कोई विस्फोटक वस्तु नहीं मिली। ईमेल में आरडीएक्स और आईईडी लगाने का दावा किया था। जिला जज के पास धमकी वाला संदेश आया था।



**पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश को दी 3430 करोड़ रुपए की सौगात**

## कुरनूल-3पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ होगा, औद्योगिक विकास को मिलेगी गति



**कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास**

### पीएम ने कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की रखी आधारशिला

एजेंसी ▶▶ कुरनूल

पीएम मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश में 13,403 करोड़ की तमाम परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। ये परियोजनाएं उद्योग, बिजली, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं। पीएम ने 2,880 करोड़ से अधिक के निवेश से कुरनूल-3पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना में 765 केवी डबल-सर्किट कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन-चिलकलुरिपेटा ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है, जिससे ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी और देश के विकास को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का ट्रांसमिशन संभव होगा। उन्होंने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी, जिनका कुल निवेश 4,920 करोड़ से अधिक है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट और आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ये आधुनिक बहु-क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना और वॉक-टू-वर्क अवधारणा से युक्त हैं।

ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी यह परियोजना वॉक-टू-वर्क अवधारणा से युक्त

### मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा की



प्रधानमंत्री ने नंदयाल जिले में श्रीशैलम स्थित श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंचमुरलु (गाय के दूध, गाय के दूध से बनी दही, गाय के घी, शहद और चीनी से बना एक पवित्र मिश्रण) से भगवान का रुद्राभिषेक किया। mrSc एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण उनके साथ रहे। आंध्र प्रदेश का मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की एक अनूठी विशेषता यह है कि एक ही परिसर में एक ज्योतिर्लिंग और एक शक्तिपीठ का सह-अस्तित्व है।

### 21,000 करोड़ के निवेश से एक लाख रोजगार बढ़ेंगे

इन केंद्रों से 21000 करोड़ का निवेश आकर्षित होने और लगभग एक लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है, जिससे दक्षिणी राज्य के रायलसीमा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने 960 करोड़ से अधिक की लागत से सब्बावरम से शीलानगर तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में भीड़भाड़ को कम करना और व्यापार एवं रोजगार को सुगम बनाना है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पिलेरू-कलूर खंड सड़क के चार लेन के निर्माण, कडप्पा-नेल्लोर सीमा से सीएस पुरम तक चौड़ीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग 165 पर गुडीवाड़ा और नुजेला रेलवे स्टेशनों के बीच 4 लेन वाले रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया।

### शिवाजी ध्यान केंद्र का किया दौरा

मंदिर दर्शन के बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री शिवाजी ध्यान केंद्र का दौरा किया जो एक स्मारक परिसर है। इसमें चार कोनों पर स्थित 4प्रतिष्ठित किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल वाला एक ध्यान कक्ष भी शामिल है। बीच में छत्रपति शिवाजी की गहन ध्यान मुद्रा में एक प्रतिमा स्थापित है। श्री शिवाजी स्मारक समिति द्वारा संचालित यह ध्यान कक्ष 1677 में छत्रपति शिवाजी की इस पवित्र तीर्थस्थल की ऐतिहासिक यात्रा के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया था।

### 'सुपर जीएसटी - सुपर बचत' नामक जनसभा को भी संबोधित किया

इसके बाद, प्रधानमंत्री कुरनूल पहुंचे और बिजली, रक्षा, रेलवे और पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री 'सुपर जीएसटी - सुपर बचत' नामक एक जनसभा को भी संबोधित किया, जिसमें लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया जाएगा। इससे पहले, कुरनूल हवाई अड्डे पर राज्यपाल एस अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री नायडू और अन्य ने उनका स्वागत किया।

**हिमाचल में स्कूल में पहुंचे मंत्री**

## शिक्षक गायब, ठिठुरते बच्चों को देख तुड़वाया ताला और बैठाया

एजेंसी ▶▶ शिमला



कड़ाके की ठंड, खुले आकाश के नीचे ठिठुरते नौनिहाल और स्कूल के दरवाजे पर लटका ताला। यह देखकर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने ताला तुड़वाकर बच्चों को भीतर बिठाया। कुछ देर बाद एक शिक्षक पहुंचा, लेकिन उसके पास चाबी नहीं थी। मंत्री ने एसडीएम पांगी को जांच कर पूरी रिपोर्ट सौंपने के आदेश दे दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के पांगी में बुधवार को सौर पंचायत से मिंधल की ओर जाते वक्त राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का काफिला पुर्थी पंचायत पहुंचा तो थांदल गांव के लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। ग्रामीणों ने शिकायत की कि थांदल स्कूल का स्टाफ अकसर गैरहाजिर रहता है। बच्चों की पढ़ाई ठप है। ग्रामीणों की बात सुनते ही मंत्री ने तुरंत दिशा बदली और बिना सूचना के स्कूल पहुंच गए। बुधवार को उन्होंने पाया कि मिडिल स्कूल थांदल में सुबह 10:30 बजे तक कोई शिक्षक मौजूद नहीं था, जबकि 35 बच्चे ठंड में कांपते हुए स्कूल के बाहर खड़े थे।

**कर्नाटक- आंध्र का एक-दूसरे पर तंज**

## 'हमारा खाना ही नहीं, निवेश भी मसालेदार' पर हो रही उन्हें जलन

एजेंसी ▶▶ अमरावती



दक्षिण के दो राज्य एक बार फिर आमने-सामने हैं और तीखे व्यंग्य के जरिए एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इस बार मुद्दा गूगल का निवेश है। दुनिया की मशहूर और दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने आंध्र प्रदेश में 15 अरब डॉलर के निवेश से एआई हब स्थापित करने का ऐलान किया है। यह भारत में 'गूगल का पहला एआई हब' होगा। इस निवेश से राज्य में कम से कम 5,000 प्रत्यक्ष रोजगार और कुल 20 से 30 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह भारत में पहला 'गीगावाट-स्केल डेटा सेंटर' भी होगा। इस पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के बेटे और राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक पर तंज कसा है। लोकेश ने गुरुवार को एक्स पर लिखा कि इस निवेश से पड़ोसी यानी कर्नाटक को जलन हो रही है! एक चुटीले पोस्ट में कहा कि वे कहते हैं कि आंध्र का खाना मसालेदार होता है। (लगता है) हमारे कुछ निवेश भी मसालेदार हैं।

**हरियाणा पुलिस के साइबर सेल में थे**

## एएसआई संदीप को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

एजेंसी ▶▶ जींद



हरियाणा पुलिस के साइबर सेल के एएसआई संदीप लाठर के शव का पोस्टमार्टम रोहतक पीजीआई में पूरा हुआ। परिजन शव को फूलों से सजी विशेष पुलिस वैन में रोहतक से पैतृक गांव जींद के जुलाना पहुंचा। पोस्टमार्टम के लिए सुबह 8 बजे का समय तय किया गया था, लेकिन परिजनों के देर से पहुंचने और एफआईआर की मांग को लेकर हुए विवाद के कारण प्रक्रिया में देरी हुई। पुलिस अधिकारी गुरुवार सुबह से ही शवगृह में मौजूद थे। उनके पैतृक गांव जींद के जुलाना में पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे ने मुखाग्नि दी। इस दुखद घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए लाढ़ौत, पीजीआई और जुलाना में व्यापक सुरक्षा और प्रशासनिक इंतजाम किए गए थे। एएसआई संदीप अंतिम संस्कार में मंत्री कृष्ण लाल पंवार, श्रुति चौधरी व डीजीपी ओपी सिंह भी पहुंचे।

**बॉम्बे हाईकोर्ट का जनहित के संबंध में बड़ा फैसला**

## गड्ढों से मौत पर सरकार को देना होगा 6 लाख मुआवजा

### ये भी कहा- 6 से 8 हफ्तों में देना होगा मुआवजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सड़कों पर गड्ढों की वजह से होने वाले हादसों को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी व्यक्ति की मौत सड़क के गड्ढे की वजह से होती है, तो सरकार को उसके परिवार को 6 लाख का मुआवजा देना होगा। वहीं, हादसे में घायल लोगों को उनकी चोट के हिसाब से 50,000 से 2.5 लाख रुपयए तक का मुआवजा दिया जाएगा। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकार को दावा दर्ज होने के 6 से 8 हफ्तों के भीतर मुआवजा देना होगा। अगर इसमें देरी होती है, तो मुंबई महानगरपालिका , जिला कलेक्टर, सभी एजेंसियां और बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट जैसी एजेंसियों के प्रमुखों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा।



### 2013 की याचिका पर आया फैसला

यह फैसला एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर आया है, जो साल 2013 में दायर की गई थी। इस याचिका में मुंबई और महाराष्ट्र की सड़कों की 'खस्ताहाल हालत' और गड्ढों की वजह से बढ़ते हादसों पर चिंता जताई गई थी। कोर्ट ने कहा कि सड़कों का ठीक हालत में होना नागरिकों का बुनियादी अधिकार है।

**खराब और असुरक्षित सड़कों के लिए बहाना अस्वीकार्य**

जस्टिस ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों को सुरक्षित और ठीक सड़कों पर चलने का अधिकार है। खराब और असुरक्षित सड़कों के लिए कोई भी बहाना स्वीकार्य नहीं हो सकता।

### गड्ढे की वजह से पुल से गिरी स्कूल वैन, 10 छात्र घायल

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्कूल से छात्रों के घर ले जा रही एक वैन पुल से नीचे गिर गई, जिससे10 छात्र घायल हो गए। घटना तब हुई जब ड्राइवर सड़क पर बने गड्ढों से बचने की कोशिश कर रहा था। यह घटना सुरेवाड़ा में तब हुई, जब बच्चे गड्ढों से भरी सड़क से स्कूल से घर लौट रहे थे। ड्राइवर ने गड्ढों से बचने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और वैन एक नीची पुल से नीचे गिर गई।



जबलपुर
शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील पर चलेगा केस

**नई दिल्ली।** देश के सीजेआई जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने वाले वकील राकेश किशोर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। वकील पर न्यायालय की अवमानना करने का मुकदमा चलाने का रास्ता साफ हो गया है।

### ट्रेनों में कवर लगाकर दिया जाएगा 'कंबल'

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि भारतीय रेलवे यात्रियों की वर्षों से चली आ रही समस्या का जल्द निदान कर देगी। यात्रियों को सबसे ज्यादा शिकायत ट्रेनों में मिलने वाले कंबल को लेकर रहती है। चादर और तकिये के कवर तो हर बार धुले हुए मिलते हैं, लेकिन कंबल के मामले में ऐसा नहीं होता। अब इन कंबलों को बाकायदा कवर लगाकर दिया जाएगा और यह कवर हर बार बांटने से पहले धुले भी जाएंगे।



# 'भारतीय उपभोक्ताओं' के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया था कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद को कम कर देगा। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा।

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने (पीएम मोदी ने) मुझे भरोसा दिया है कि रूस से कोई तेल खरीद नहीं होगी। आप जानते हैं यह तुरंत नहीं हो सकता। यह एक प्रक्रिया है, लेकिन यह प्रक्रिया भी जल्द खत्म हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देता है तो उनके लिए रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम कराने में आसानी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि संघर्ष खत्म होने के बाद भारत फिर से रूस से तेल खरीद सकेगा। भारत के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उन दावों को लेकर जवाब दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि उन्हें पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हाल ही में किसी बातचीत की जानकारी नहीं है। आगे कहा कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है।

### अमेरिका ने ऊर्जा सहयोग में रुचि दिखाई



विदेश मंत्रालय के बयान में आगे कहा गया कि जहां तक अमेरिका का सवाल है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को गहरा करने में रुचि दिखाई है। इस पर चर्चाएं जारी हैं।

#### रूस के राजदूत डेनिस ने कहा

### हमारे ऊर्जा संबंध भारत के राष्ट्रीय हितों पर आधारित

भारत और रूस के ऊर्जा संबंधों पर, रूस के नई दिल्ली में राजदूत डेनिस अलिपोव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के ऊर्जा संबंध भारत के राष्ट्रीय हितों पर आधारित हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भारत और रूस के द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध भी मजबूत हो रहे हैं।

### तेल न खरीदने का फैसला तत्काल लागू नहीं होगा

ट्रंप ने भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और पीएम मोदी की हालिया बैठक पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वे (पीएम मोदी) शानदार और महान व्यक्ति हैं। सर्जियो ने मुझे बताया कि मोदी मुझे पसंद करते हैं। मैं वर्षों से भारत को देख रहा हूं। पहले हर साल एक नया नेता आता, कुछ महीने के लिए, कुछ वर्षों तक रहता। लेकिन अब मेरा मित्र काफी लंबे समय से सत्ता में है और उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि ये बदलाव तुरंत लागू नहीं होंगे, लेकिन कुछ समय में इसका प्रभाव दिखेगा।

## मप्र हाईकोर्ट के जज श्रीधरन को छग भेजा था पर बाद में इलाहाबाद किया ट्रांसफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जज अतुल श्रीधरन का ट्रांसफर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की जगह इलाहाबाद हाई कोर्ट में करने की सिफारिश की है। मंगलवार को चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार के अनुरोध पर यह कदम उठाया है। अगस्त में इसी कॉलेजियम ने जस्टिस श्रीधरन को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से छत्तीसगढ़ भेजने की सिफारिश की थी। ऐसा तो हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट सरकार की गुजारिश पर गौर फरमाए, लेकिन शायद यह दुर्लभ ही है । कि वह इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार भी करे। सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा है कि जस्टिस अतुल श्रीधरन, जिन्हें छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट जाना था, उन्हें केंद्र सरकार के अनुरोध पर अब इलाहाबाद हाई कोर्ट में स्थानांतरित किया जा रहा है।

#### पैर धुलाई मामले में विधायक का वीडियो वायरल

## पीड़ित युवक के चाचा से कहा अगली बार तो गंदगी खा लेना

### भाजपा ने ओबीसी का बताया अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के सतरिया गांव के पैर धुलाई कांड में एक नया वीडियो सामने आया है। इसमें कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा पीड़ित युवक के चाचा से मानव मल खाने की बात कहते हुए सुनाई दे रहे हैं। इसे भाजपा ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का अपमान बताया है। वहीं, विधायक कुशवाहा ने कहा है कि उन्हें नहीं पता, किसने क्या वीडियो बनाकर वायरल किया है। कुशवाहा ने दावा किया कि उन्होंने युवक के चाचा के कान में कहा था, तुम डरो नहीं, हम सब तुम्हारे साथ हैं।



### पटवारी- राहुल गांधी माफी मांगें: भाजपा

भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा- यह कांग्रेस की असंवेदनशीलता है। इसका प्रमाण वीडियो में स्पष्ट नजर आता है। कांग्रेस विधायक पीड़ित परिवार का मल खाने जैसे अपमानजनक शब्दों से तिरस्कार कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव की सरकार उन्हें न्याय दिला रही है और कांग्रेस उनके जख्मों पर नमक छिड़क रही है। जीतू पटवारी, राहुल गांधी को ओबीसी समाज के अपमान पर माफी मांगनी चाहिए।






## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने 332.85 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर घोषणा की

# निवाड़ी शहर को 'नगर पालिका परिषद' का दर्जा देने के लिए परीक्षण जल्द ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवाड़ी शहर को 'नगर पालिका परिषद' का दर्जा देने के लिए जल्द ही परीक्षण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ओरछा को धार्मिक पर्यटन सहित एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकॉप्टर सेवाओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए एयर स्ट्रीप बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने नेंदुआ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर नया अस्पताल बनाने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नए सड़क मार्गों के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को निवाड़ी जिले के ओरछा में श्रीराम राजा लोक के दूसरे चरण के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन सहित अन्य विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर श्रीराम राजा लोक में दूसरे चरण के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने श्रीराम राजा लोक के भव्य निर्माण के लिए पहले चरण में मंजूर एवं वर्तमान में निर्माणाधीन कार्यों का मौके पर जाकर अवलोकन भी किया।

### ओरछा में दिव्य और भव्य श्रीराम राजा लोक का निर्माण, श्रीराम राजा लोक के निर्माण के दूसरे चरण के कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**पृथ्वीपुर में 3200 करोड़ रुपए की लागत से होगी 300 हेक्टेयर में इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की स्थापना**



### पहले चरण के 130 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रभु श्रीराम की अनंत कृपा से हम ओरछा में एक दिव्य और भव्य श्रीराम राजा लोक का निर्माण कर रहे हैं। श्रीराम राजा लोक निर्माण के पहले चरण के 130 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीराम राजा लोक के दूसरे चरण के लगभग 125 करोड़ रुपए की लागत वाले दूसरे चरण के निर्माण कार्यों की आधारशिला भी रखी जा रही है। साथ ही यहां के ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण एवं पुरातात्विक परिसर का भूमिपूजन भी किया जा रहा है।



**श्रीराम का नाम ही काफी हैः सीएम**

मुख्यमंत्री ने मप्र इलेक्ट्रानिक विकास निगम एवं एनजीओ के बीच करार होने पर संस्था को लेटर ऑफ अवॉर्ड दिया। उन्होंने कहा कि निवाड़ी जिले को 332.85 करोड़ के 21 से अधिक विकास कार्यों की सौगात मिली है। नया सांदीपनि विद्यालय और महाविद्यालय भी मिला है। प्रभु श्रीराम का नाम ही काफी है।

**देशी-विदेशी पयर्टकों को मिलेगी सुविधा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम राजा लोक के पहले चरण में लगभग 5.50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 103 नवीन दुकानों एवं प्लाजा का लोकार्पण भी आज ही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओरछा में श्रीराम राजा लोक के निर्माण के दोनों चरणों सहित सात विभिन्न प्रकार की विकास परियोजनाओं पर करीब 239 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के कई निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

**निवाड़ी प्रदेश का दूसरा जिला जहां हर घर में नल से जल, इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट भी**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवाड़ी प्रदेश का दूसरा जिला है, जहां हर घर में नल से जल इंटीग्रेटेड प्लांट की स्थापना होगी। प्रदेश का दूसरा ऐसा जिला है, जहां हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि लाड़पुरा खास एवं राधापुर ग्राम की महिलाओं की ओर से संचालित होम-स्टे मप्र में पहले एवं दूसरे स्थान पर रहे हैं। इस वर्ष चंदपुरा तथा जमुनियां खास में एक दर्जन नए होमस्टे शुरू किए जाएंगे। निवाड़ी औद्योगिक विकास में भी आगे आ रहा है। जिले के पृथ्वीपुर में पेसिफिक इंडस्ट्री मेटल लिमिटेड ने 3200 करोड़ रूपए की लागत से करीब 300 हेक्टेयर भूमि में 'इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट' की स्थापना की जा रही है। इससे बड़ी संख्या में जिले के युवाओं को ही रोजगार मिलेगा।*

# बिलियन हार्ट्स ने लॉन्च किया पिकसी

## दुनिया का पहला एआई-संचालित म्यूचुअल फोटो शेयरिंग ऐप

**बेंगलुरु।** बिलियन हार्ट्स सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज़, जिसे सीरियल उद्यमी मयंक बिदावतका (कू / Koo के सह-संस्थापक) ने स्थापित किया है, ने अब दुनिया का पहला एआई-संचालित म्यूचुअल फोटो शेयरिंग ऐप पिकसी (PicSee) लॉन्च किया है। जुलाई के मध्य में एक सफल सॉफ्ट लॉन्च के बाद, अब पिकसी के 27 देशों और 160 से अधिक शहरों में उपयोगकर्ता हैं और यह अब अपने पब्लिक बीटा के साथ आधिकारिक रूप से लॉन्च हो रहा है।

हर साल खरबों तस्वीरें खींची जाती हैं और भुला दी जाती हैं। दोस्तों की गैलरी में छिपी ये यादें अक्सर उन लोगों तक वापस नहीं पहुँचतीं, जिनकी वे तस्वीरें हैं। पिकसी एक अनोखे 'देकर पाओ' फोटो एक्सचेंज मॉडल के ज़रिए इस समस्या को सुलझाता है, जहाँ यूज़र्स को उनकी खुद की अनदेखी तस्वीरें तुरंत मिल जाती हैं, जो उनके दोस्तों ने कभी खींची थीं। पिकसी को प्राइवेसी-फर्स्ट एप्रोच के साथ बनाया गया है और यह दुनिया के सबसे सुरक्षित फोटो ऐप्स में से एक है।




सॉफ्ट लॉन्च के बाद सिर्फ तीन महीनों में पिकसी के यूज़र्स की संख्या 75 गुना बढ़ गई है। यह पूरी ग्रोथ यूज़र्स द्वारा अपने दोस्तों को आमंत्रित करने से आई है। अब तक 1.5 लाख से अधिक तस्वीरें शेयर की जा चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि 30% यूज़र्स के पास पिकसी पर अपनी खुद की गैलरी से ज़्यादा तस्वीरें हैं। मयंक बिदावतका, संस्थापक, पिकसी, ने कहाः "दुनिया में 15 ट्रिलियन से ज़्यादा तस्वीरें हैं, और हर साल 2 ट्रिलियन नई क्लिक होती हैं, फिर भी इनका बड़ा हिस्सा कभी शेयर नहीं होता। लोग भूल जाते हैं या फिर उन्हें कोई वजह नहीं दिखती, क्योंकि उन्हें कुछ वापस नहीं मिलता। पिकसी इस समस्या का सबसे सुंदर समाधान है।

## माओवादी रूपेश के नेतृत्व में सौंपेंगे हथियार

# मुख्यमंत्री के समक्ष आज 17 नक्सली करेंगे सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में 17 अक्टूबर शुक्रवार को जगदलपुर में 140 से ज्यादा नक्सली सरेंडर करेंगे। माओवादी नेता रूपेश के नेतृत्व में नक्सली 100 से अधिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करेंगे। हम नक्सलियों का रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करेंगे। जगदलपुर में ऑफिशियल सरेंडर अनाउंस होंगे। पुलिस महकमा इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर करना चाहते हैं। बस्तर की जनता लाल आतंक नहीं चाहती है। यह बस्तर के लिए नई शुरुआत का दिन होगा। जनता अब लाल आतंक नहीं चाहती है। विकास, शांति तथा स्थायित्व की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह आत्मसमर्पण सरकार की



नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों का परिणाम है। इस आत्मसमर्पण कार्यक्रम के लिए पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी में जुटा है। जगदलपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और कार्यक्रम स्थल पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। दीपक बैज के आरोपों पर शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का नेतृत्व हमने झीरम में खोया था। ये कांग्रेस के नेता हैं, जिनको हमने खोया था। झीरम घाटी का रिपोर्ट जेब में है बोलकर पांच साल काट दिये। आज जो परिवर्तन हो रहा है वो नई सरकार के प्रयास से हो रहा है।

### 4.5 लाख पेंशनर्स को मिलेगा डीआर

**भोपाल।** मोहन कैबिनेट के फैसले के बाद वित्त विभाग ने बुधवार को पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को महंगाई राहत (डीआर) देने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस आदेश में छठवें वेतनमान पर 6 प्रतिशत और सातवें वेतनमान पर दो प्रतिशत महंगाई राहत दिए जाने का निर्णय लिया गया है। वित्त विभाग द्वारा बुधवार को जारी आदेश में सभी विभागों, राजस्व मंडल अध्यक्ष, संभागायुक्त, विभागाध्यक्ष और कलेक्टरों से कहा गया है कि प्रदेश के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को पेंशन पर महंगाई राहत स्वीकृत की गई है। सरकार के इसा आदेश से प्रदेश के साढ़े 4 लाख रिटायर कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।

### पर्व से पहले वेतन दो, नहीं भेजेंगे काला पोस्टकार्ड

**भोपाल।** वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी और वन सुरक्षा श्रमिकों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि अगर दीपावली से पहले बकाया वेतन नहीं मिला तो वन विभाग के श्रमिक दीपावली त्योहार नहीं मनाएंगे। कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन श्रमिकों को दीपावली से पूर्व वेतन भुगतान करने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि बुधवार को बैठक कर श्रमिकों ने निर्णय लिया है कि यदि दीपावली के पूर्व वेतन भुगतान नहीं किया गया तो श्रमिक परिवार दीपावली त्योहार नहीं मानेंगे और अधिकारियों को काला पोस्टकार्ड लिखकर दीपावली की बधाई देंगे। वेतन देंगे तो पोस्टकार्ड नहीं देंगे।

### पति-प्रेमी पर अश्लील वीडियो वायरल का केस दर्ज

**मरवाही।** गौरेला थाना क्षेत्र की एक युवती ने अपने प्रेमी और पति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि वह कुछ वर्षों से अपने पति से अलग मायके में रह रही थी। इसी दौरान उसकी जान-पहचान के युवक मोनू यादव के साथ नजदीकियां बढ़ गई। पीड़िता के अनुसार, मोनू यादव ने उसकी कुछ अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और यह वीडियो उसके पति को भी भेज दिया। इसके बाद पीड़िता के पति ने भी उक्त वीडियो अपने रिश्तेदारों को साझा कर दिया। युवती को वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली, तो उसने तुरंत गौरेला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मोनू यादव और पीड़िता के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# मंत्रालय में एसीएस जीएडी ने आंतरिक एवं बाह्य परिसर की सफाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्रालय में बुधवार को विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, संजय कुमार शुक्ला ने वल्लभ भवन-1 में प्रथम तल स्थित स्टेशनरी, बैंक, कैंटिन सहित पांचवी मंजिल तक आंतरिक एवं बाह्य परिसर की सफाई का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। विशेष स्वच्छता अभियान को लेकर मंत्रालय में भी तैयारी की गई है। मंत्रालय के तीनों बिल्डिंगों में बड़े-बड़े बैनर लगाए गए हैं। इसे साथ ही साथ स्वच्छता की तैयारी की गई है। एसीएस शुक्ला ने बीवी एक के प्रथम तल पर निरीक्षण कर हिदायतें दी। उन्होंने कहा कि कैंटिन में साफ सफाई के साथ ही गुणवत्ता पर खास ध्यान दें, ताकि ज्यादा से ज्यादा फायदा व संतुष्टि दोनों मिल सके। उन्होंने कुछ जगहों पर अव्यवस्थित कार्य होने पर नाराजगी भी जताई।

■ तीनों बिल्डिंगों में बैनर लगाए गए

## साइबर सेल और डौण्डीलोहारा थाना पुलिस की सफलता

# 12 लाख की ठगी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले की साइबर सेल और डौण्डीलोहारा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीएसपी के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी से पीएम किसान योजना के नाम पर एपीके फाइल भेजकर 12 लाख की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी विकास कुमार दास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित, जो बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके व्हाट्सएप नंबर पर पीएम किसान योजना की एपीके फाइल भेजी थी। फाइल डाउनलोड होते ही मोबाइल हैक हो गया और आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल से कुल 12,13,860 रुपए निकाल लिए। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना डौण्डीलोहारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।



**पहले ही पकड़ाए जा चुके अन्य आरोपी**

*मामले की लगातार तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने बिहार के जमुई जिले से तीन आरोपियों, नीतीश कुमार दास (22 वर्ष, ग्राम झुण्डों, थाना खैरा), अरविंद कुमार दास (18 वर्ष, ग्राम बटपाल, थाना चकई), राकेश कुमार दास (21 वर्ष, ग्राम झुण्डों, थाना खैरा) को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी विकास कुमार दास, पिता गुड्डू दास (23 वर्ष), निवासी ग्राम केसरगढ़ा, थाना मधुपुर, जिला देवघर, झारखंड, फरार चल रहा था।*

## आयुक्त नगरीय प्रशासन की अध्यक्षता में जी-हब क्रियान्वयन इकाई का गठन

# भोपाल व इंदौर आर्थिक क्षेत्र के विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी संचालन समिति

**प्रदेश के आर्थिक क्षेत्रों को ग्रोथ हब के रूप में किया जाएगा विकसित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन की ओर से जी हब पहल के तहत शहरी क्षेत्र को ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति का गठन किया गया है। इसके साथ ही जी-हब क्रियान्वयन इकाई समिति भी गठित की गई है। इस पहल से चिन्हित नगरीय क्षेत्र के आर्थिक विकास की रणनीति तथा इसे प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा।

इस कार्य में नीति आयोग की ओर से सहयोग प्रदान किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन ने भोपाल आर्थिक क्षेत्र (भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन एवं सीहोर) के लिए एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र (इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, खरगोन, रतलाम, शाजापुर एवं खंडवा) को ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के लिए इकोनॉमिक प्लान तैयार करने का अनुरोध नीति आयोग को भेजा जा चुका है।

### इकोनॉमिक प्लान तैयार करने में इन विभागों की भूमिका

संचालन समिति में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उदयम, पर्यावरण, वन, गृह, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, सदस्य होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मप्र राज्य नीति आयोग को सदस्य-सचिव बनाया गया है। संचालन समिति के कार्य अंतर्गत राज्य स्तर पर जी हब इनिशिएटीव की दिशा एवं रणनीति निर्धारण करना, भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र के लिए इकोनॉमिक प्लान तैयार करने के लिए नीति आयोग एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना, प्रगति की नियमित समीक्षा करना और अन्य राज्यों, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना जैसे काम समिति की ओर से किए जाएंगे।

**कार्यक्रम की निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित होगा**

निवेश, उद्योग, अवसंरचना, शहरी विकास, कृषि, स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्रों की प्राथमिकताओं को पहचानकर कार्य योजना बनाना, स्थानीय स्तर पर परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करना तथा पीएम गति शक्ति एवं अन्य राष्ट्रीय राज्य स्तरीय योजनाओं के साथ उनका समन्वय करना, संचालन समिति को समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट एवं समीक्षा विवरण प्रस्तुत करना, कार्यक्रम की निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित करना तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम सुझाना और अन्य राज्यों एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन कर क्षेत्रीय योजनाओं में उनका समावेश किया जाएगा।

**भोपाल आर्थिक क्षेत्र में अध्यक्ष आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास होंगे**

*जी-हब क्रियान्वयन अंतर्गत भोपाल आर्थिक क्षेत्र मे अध्यक्ष आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास को बनाया गया है। आयुक्त-भोपाल एवं नर्मदापुरम, जिला कलेक्टर-भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम एवं सीहोर और नगर निगम आयुक्त-भोपाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी- राजगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, एवं सीहोर समिति में सदस्य होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग को सदस्य-सचिव बनाया गया हैं।*

## राशिफल

**मेष** - मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** - मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** - वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** - आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** - किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** - किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** - आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** - आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6021



**बाएँ से दाए**

1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6020 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | ■ | ■ | क | लि | का | ■ |
| प | र | ■ | ला | ■ | सा | ग | र | ■ | बु | आ |
| ह | ■ | ■ | प | ह | रा | ■ | ण | ■ | ■ | खे |
| र | स | खा | न | ■ | ■ | म | ■ | क | प | ट |
| ण | ■ | लि | ■ | न | भ | च | र | ■ | रा | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | सी | ■ | ल | ■ | ग | स्त | ■ |
| ■ | रा | ■ | प | ह | न | ना | ■ | रु | ■ | ड |
| शा | म | त | ■ | त | ■ | ■ | ता | र | ता | र |
| य | ■ | ■ | तै | ■ | जा | हि | र | ■ | ■ | ल |
| द | म | ■ | र | सी | ला | ■ | पी | ■ | ज | ग |
| ■ | न | गी | ना | ■ | ■ | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6031

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 6030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित-विराट ध्वस्त कर सकते हैं कई रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज खेलनी है। तीन मैचों की आगामी सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा भी खेलते हुए नजर आएंगे। कोहली लगभग 6 महीने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने वाले हैं और ऐसे में कोहली के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में कुछ अहम रिकॉर्ड्स बना सकते हैं।

## सर्वाधिक रन वाले भारतीय बन सकते हैं कोहली

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अब तक कुल 29 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 51.03 की औसत और 89.06 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,327 रन बनाए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों में सचिन तेंदुलकर ने 46 पारियों में 1,491 रन और रोहित शर्मा ने 29 पारियों में 1,328 रन बनाए हैं। वह तेंदुलकर और रोहित को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

## रनों के मामले में संगाकारा को पीछे छोड़ सकते हैं कोहली

कोहली ने अपने वनडे क्रिकेट करियर में अब तक 302 मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइकर रेट के साथ 1,4181 रन बनाए हैं। कोहली विश्व क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन वनडे बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे ज्यादा रन सिर्फ तेंदुलकर (18,426) और कुमार संगाकारा (14,234) ने ही बनाए हुए हैं। वह 54 रन और बनाते ही संगाकारा को पीछे छोड़ देंगे और दूसरे सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2,500 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

कोहली को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 50 वनडे में 54.46 की औसत के साथ 2,451 रन बनाए हैं। इस बीच उनकी स्ट्राइक रेट 93.69 की रही है। वह इस टीम के विरुद्ध 2,500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। बता दें कि अब तक सिर्फ तेंदुलकर (3,077) ही ऐसा कर चुके हैं। वहीं, रोहित (2,407) भी 2,500 रन पूरे कर सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक शतक

कोहली ऑस्ट्रेलिया में संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 133* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 5 शतक जड़े हैं। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित ने भी 5 ही शतक लगाए हैं। ऐसे में कोहली के पास रोहित से आगे निकलने का मौका होगा। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने ऑस्ट्रेलिया में 3 शतक लगाए थे।



## रोहित का बल्ला चला तो तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को टेस्ट सीरीज में 2-0 से शिकस्त देने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेगी। 19 अक्टूबर से भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लेगी। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इस सीरीज में शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलते हुए नजर आएंगे। रोहित आगामी सीरीज में कुछ अहम रिकॉर्ड्स बना सकते हैं, उन पर एक नजर डालते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक वनडे रन वाले भारतीय

रोहित ऑस्ट्रेलिया में दूसरे सर्वाधिक वनडे रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 30 वनडे खेले हैं, इसकी इतनी ही पारियों में 53.12 की औसत और 90.58 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,328 रन बनाए हैं। बता दें कि सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया में 46 पारियों में 1,491 रन बनाए थे। इस सूची में विराट कोहली 1,327 रन के साथ तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। ऐसे में रोहित के पास तेंदुलकर को पीछे छोड़ने का मौका होगा।

### गांगुली से ज्यादा रन बनाने के करीब हैं रोहित

रोहित ने साल 2007 में वनडे अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया था। डेढ़ दशक से लम्बे अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने अब तक 273 वनडे खेल लिए हैं, जिसमें लगभग 49 की औसत 11,168 रन बना लिए हैं। वह सौरव गांगुली (11,221) को पीछे छोड़ने के करीब हैं। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो तेंदुलकर (18,426) और कोहली (14,181) के बाद तीसरे सर्वाधिक वनडे रन वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। टेस्ट और टी-20 प्रारूप से संन्यास ले चुके रोहित ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक 499 मैच खेले हैं, जिसमें 42.18 की औसत के साथ 19,700 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 264 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 49 शतक लगाए हैं। वह 300 रन और बनाते ही 20,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लेंगे। बता दें कि अब तक तेंदुलकर, कोहली और राहुल द्रविड़ ही ये आंकड़ा छूने वाले भारतीय हैं।

---

## खबर संक्षेप



### वीजा में देरी के कारण सुपर कप से हटा रीयल कश्मीर एफसी

**नई दिल्ली।** आई लीग टीम रीयल कश्मीर एफसी ने अपने विदेशी खिलाड़ियों के लिए वीजा मिलने में देरी के कारण आगामी सुपर कप फुटबॉल प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया है। क्लब ने जानकारी दी कि इस तरह 25 अक्टूबर से गोवा में शुरू होने वाले सुपर कप के लिए रीयल कश्मीर की जगह डेम्पो एफसी ने ले ली है। श्रीनगर स्थित इस टीम को मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल एफसी और चेन्नईयिन एफसी के साथ 'ग्रुप ऑफ डेथ' में रखा गया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने ट्वीट किया, ''रीयल कश्मीर एफसी ने एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 से नाम वापस ले लिया है क्योंकि उनके विदेशी खिलाड़ियों के लिए वीजा नहीं मिल पाए। अब उनकी जगह डेम्पो एससी लेगा।

### बॉक्सिंगबे मुक्केबाजी स्पर्धा की होगी लाइव स्ट्रीम

**नई दिल्ली।** बॉक्सिंगबे मुक्केबाजी प्रतियोगिता का दिसंबर में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप ऐप पर वैश्विक स्तर पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। यह भारत में होने वाली पहली मुक्केबाजी प्रतियोगिता होगी जिसकी लाइव स्ट्रीम की जाएगी। भारतीय मुक्केबाजी परिषद (आईबीसी) ने गुरुवार को यह घोषणा की। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार यूएफसी ऐप पर लाइव स्ट्रीम होने वाली पहली श्रृंखला की प्रतियोगिताओं में पांच दिसंबर को एंथनी पेटिस फाइटिंग चैम्पियनशिप इंडिया वन और 21 दिसंबर को होने वाली बॉक्सिंगबे4 शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन हैदराबाद, बेंगलुरु और विशाखापत्तनम में किया जाएगा।



### सुपर जायंट्स के साथ जुड़े केन विलियमसन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। 35 वर्षीय विलियमसन, जहीर खान की जगह लेंगे, जो 2024 सीजन में टीम के मेंटर थे। गौरतलब है कि विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है, लेकिन फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से हटने का फैसला किया है। गोयनका ने की घोषणा एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने विलियमसन की रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए इसकी घोषणा की। गोयनका ने कहा, केन सुपर जायंट्स परिवार का हिस्सा रहे हैं और एलएसजी के रणनीतिक सलाहकार के रूप में उनकी नई भूमिका में उनका स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

---

### ऑस्ट्रेलिया में भारत ने 2019 में जीती थी वनडे सीरीज

# गिल की कप्तानी में भारत-ऑस्ट्रेलिया की वनडे में 19 को भिड़ंत, एक-दूसरे से कम नहीं दोनों टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज शुरू होगी। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विरुद्ध टेस्ट सीरीज को 2-0 से जीता था।

अब गिल के ही नेतृत्व में भारतीय टीम कंगारू टीम के खिलाफ चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। इस बीच वनडे प्रारूप में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अभी तक कुल 152 वनडे खेले गए हैं। इनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 84 जबकि भारत ने 58 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। इस दौरान 10 मैच बेनतीजा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में हुए मुकाबलों की बात करें तो मेजबान टीम के खिलाफ 54 मैचों में से भारत ने 14 ही जीते हैं और 38 में उसे हार मिली है। इस बीच 2 वनडे बेनतीजा रहे हैं।



### पर्थ में अभ्यास के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

पर्थ। सीनियर स्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा ने यहां पहुंचते ही जमकर अभ्यास किया और रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान नेट्स पर काफी पसीना बहाया। सभी की निगाहें रोहित और कोहली पर हैं जो पिछली बार भारत के लिए फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खेले थे और अब केवल 50 ओवर के प्रारूप में ही उपलब्ध हैं।

### दोनों पूर्व कप्तानों ने की बल्लेबाजी

दोनों पूर्व भारतीय कप्तान ने नेट्स में करीब 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। रोहित को नेट्स में समय बिताने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते भी देखा गया। भारतीय टीम 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैच के सीमित ओवरों के दौरे के लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को दो समूहों में यहां पहुंची।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इन भारतीय खिलाड़ियों ने किया है कमाल

मौजूदा भारतीय टीम में विराट कोहली ने इस टीम के खिलाफ 50 वनडे में 54.46 की औसत के साथ 2,451 रन बनाए हैं। इस बीच उनकी स्ट्राइक रेट 93.69 की रही है। रोहित शर्मा ने 40 वनडे मैचों में 61.33 के औसत से 2,407 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक (209) भी शामिल है। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने 5.23 की इकॉनमी रेट से 39 विकेट लिए हैं। कुलदीप यादव ने 23 मैचों में 31 विकेट चटकाए हैं।

### इन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का रहा है उम्दा प्रदर्शन

ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ 10 पारियों में 42.66 की औसत और 103.22 की स्ट्राइक रेट से 384 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 1 ही अर्धशतक लगाया है। मिचेल मार्श ने 11 पारियों में 59.12 की औसत से 473 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक शामिल हैं। गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क ने 19 मैचों में 32.66 की औसत से 30 विकेट लिए हैं। जोश हेजलवुड ने 11 वनडे में 17 विकेट लिए हैं।

---

क्रिकेट

# अभिषेक, स्मृति ने जीते आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सितंबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए हैं। उन्होंने अपने साथ खिलाड़ी कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के ब्रायन बेनेट को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। अभिषेक के लिए पिछला महीना बेहद शानदार बीता था। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने थे। दूसरी तरफ महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने ये पुरस्कार जीता है।

### अभिषेक ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

एशिया कप 2025 में अभिषेक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 7 पारियों में 44.8 की औसत और 200 की स्ट्राइक रेट के साथ 314 रन बनाए थे। इस युवा बल्लेबाज ने 3 अर्धशतक भी लगाए। उनका सर्वोच्च स्कोर 75 रन रहा। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 300 रन का आंकड़ा नहीं छू सका था। उनके बाद श्रीलंका के पथुम निसानका ने 6 पारियों में 43.50 की औसत से 261 रन बनाए थे।

### कुलदीप व ब्रायन का सितंबर में प्रदर्शन

कुलदीप ने एशिया कप 2025 में कमाल का प्रदर्शन किया था। इस चाइनामैन गेंदबाज ने 7 मैचों में 9.29 की उम्दा औसत के साथ 17 विकेट अपने नाम किए थे। इस बीच उन्होंने 2 बार 4 विकेट हॉल भी लिए थे। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितंबर में शानदार फॉर्म में रहे थे। उन्होंने 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए थे।

### स्मृति ने ठोके 308 रन, जीता पुरस्कार

भारत की उपकप्तान मंधाना ने पाकिस्तान की सिदरा अमीन और दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। सितंबर में मंधाना ने 4 वनडे मैचों में 77 की औसत और 135.68 की स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए थे।

---

अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल

# अर्जेंटीना और मोरक्को में होगा खिताबी मुकाबला



एजेंसी ▶▶| सैंटियागो

अर्जेंटीना ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद आठवीं बार अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना मोरक्को से होगा। अर्जेंटीना को सेमीफाइनल में कोलंबिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रहा। माटेओ सिल्वेट्टी ने 72वें मिनट में अर्जेंटीना के लिए गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। मोरक्को ने एक अन्य सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को 5-4 से हराकर पहली बार अंडर-20 विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया। निर्धारित समय में स्कोर 1-1 से बराबर था।

### फॉस्टिनो, जोस, नारवा बने जीसीएल कंटेंडर्स चैंपियन



**मुंबई।** अर्जेंटीना के 12 वर्षीय खिलाड़ी फॉस्टिनो ओरो ने यहां जीसीएल कंटेंडर्स नॉकआउट चैलेंजर्स राउंड में प्रोडिजी अंडर 21 श्रेणी का खिताब जीता जबकि ग्रैंडमास्टर जोस मार्टिनेज और महिला ग्रैंडमास्टर माई नारवा क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के चैंपियन बने। यह तीनों खिलाड़ी अब ग्लोबल शतरंज लीग के तीसरे सत्र के दौरान आधिकारिक दूत के रूप में काम करेंगे। इस स्पर्धा को टेक महिंद्रा और विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के संयुक्त प्रयास से 13 से 24 दिसंबर, 2025 तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

### नारवा ने हराया यूलिया को

शतरंज के मेसी के नाम से मशहूर ओरो ने एक रोमांचक फाइनल में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद को हराया, जबकि ग्रैंडमास्टर जोस मार्टिनेज ने अमेरिका के ब्लिट्ज विशेषज्ञ एंड्रयू टैंग को पराजित किया। एस्टोनिया की नारवा ने यूक्रेन की महिला ग्रैंडमास्टर यूलिया ओसमक को हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता।

---

# मौसम मेहरबान रहा तो एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने श्रीलंका-दक्षिण अफ्रीका तैयार

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अगर मौसम मेहरबान रहा तो श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आज शुक्रवार को यहां महिला एकदिवसीय विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। आर प्रेमदासा स्टेडियम में पिछले दो मैच बारिश के कारण रद्द करने पड़े और शुक्रवार को भी बारिश और आंधी आने का अनुमान है। अगर बारिश नहीं आती है और यह मैच खेला जाता है तो श्रीलंका टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना चाहेगा। श्रीलंका ने दो मैच रद्द होने के कारण अभी तक दो अंक हासिल किए हैं और वह चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा।

**महिला वनडे वर्ल्ड कप : मुकाबला आज कोलंबो में**



### श्रीलंका को अपना दबदबा बनाए रखना होगा

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन बारिश ने जीत हासिल करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। उस मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू और नीलक्षिका सिल्वा ने अर्धशतक जमाए थे। श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत और बांग्लादेश को करीबी मैचों में हराया था। उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी होगी।

## ओलंपिक चैंपियन तैराक एरियन टिटमस ने लिया संन्यास

ब्रिस्बेन। ओलंपिक चैंपियन एरियार्न टिटमस ने तैराकी से संन्यास लेने की घोषणा की है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई खेल प्रशंसक हैरान हैं। ऑस्ट्रेलिया की चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 25 वर्षीय टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद ब्रेक ले लिया था। उम्मीद की जा रही थी 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए वह जल्दी ही प्रतिस्पर्धी तैराकी में वापसी करेंगी।



**टिटमस ने अपने नाम किए हैं कई रिकॉर्ड :** पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक में टिटमस ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अमेरिका की केटी लेडेकी और कनाडा की समर मैकिन्टोश को पीछे छोड़कर नए विश्व रिकॉर्ड के साथ अपना खिताब बरकरार रखा था। टिटमस के नाम पर 200 मीटर फ्रीस्टाइल का विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है। उनके नाम पर 33 अंतरराष्ट्रीय पदक दर्ज हैं जिनमें ओलंपिक में चार स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य तथा चार विश्व खिताब भी शामिल हैं।

---

### वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में एक स्थान खिसकी टीम इंडिया

# पाकिस्तान की जीत से भारत को हुआ नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 93 रन से हराया। लाहौर टेस्ट में जीत के लिए मिले 277 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज टीम अपनी दूसरी पारी में 183 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में फायदा पहुंचा है। पाकिस्तान की जीत के बाद भारतीय टीम को 1 पायदान का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तान दूसरे स्थान पर

डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में यह पाकिस्तान का पहला ही मैच था, जिसमें उन्हें जीत मिली है। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान डब्ल्यूटीसी 2025-2027 में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस चक्र में पाकिस्तान से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम मौजूद है। बता दें कि कंगारू टीम ने इस चक्र में अब तक तीनों मैच जीते हैं। तीसरे पायदान पर श्रीलंका क्रिकेट टीम मौजूद है, जिसने 1 मैच जीता है और 1 मैच ड्रॉ रहा है।



### चौथे स्थान पर पहुंचा भारत

भारतीय टीम ने इस चक्र में अब तक कुल 7 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 में जीत दर्ज की है और सिर्फ 2 में हार झेली है। इसके अलावा 1 टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारतीय टीम फिलहाल 61.90 प्रतिशत अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद है। पाकिस्तान की जीत के बाद भारतीय टीम को 1 पायदान का नुकसान हुआ है। भारत को अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है।

### इस तरह से जीती पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 378 रन बनाए थे। मेजबान टीम से इमाम उल हक और आघा सलमान ने 93-93 रन की पारियां खेली। इसके जवाब में प्रोटियाज टीम की पारी टोनी डी जोरजी के शतक (104) की मदद से 269 रन पर सिमट गई। बढ़त हासिल करने वाली पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 167 रन पर ढेर हुई। शाहीन (4/33) और नोमान (4/79) की घातक गेंदबाजी के चलते दक्षिण अफ्रीकी टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

### द.अफ्रीका ने नहीं खोला जीत का खाता

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 1 भी जीत दर्ज नहीं की है। कैरेबियाई टीम ने डब्ल्यूटीसी 2025-2027 में अब तक अपने सभी पांचों मैच हारे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अपना इकलौता मैच हारा है। छठे स्थान पर मौजूद बांग्लादेश ने इस चक्र में अब तक 2 मैच खेले हैं, जिसमें से 1 मैच हारा है और 1 मैच ड्रॉ रहा है। पांचवें स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के 43.33 प्रतिशत अंक हैं।

# प्रधान आरक्षक 75 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## जबलपुर लोकायुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई, थाना केवलारी में हुआ ट्रैप ऑपरेशन



**हरिभूमि, जबलपुर।** पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त रुख के निर्देश पर जबलपुर लोकायुक्त इकाई ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना केवलारी, जिला सिवनी में पदस्थ प्रधान आरक्षक मनीष कुमार पटवा को 75 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

एसपी अंजूलता पटले ने बताया कि शिकायतकर्ता नितिन पाटकर (42 वर्ष) निवासी ग्राम आदेगांव, जिला सिवनी, सिविल ठेकेदार हैं जिन्होंने नगर परिषद केवलारी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण का ठेका लिया था। पाटकर ने यह काम पेटी ठेकेदार राहुल राय को सौंपा था, जिसने घटिया निर्माण कर धोखाधड़ी की। जब नितिन पाटकर ने 8 अक्टूबर 2025 को थाना केवलारी में शिकायत की, तो प्रधान आरक्षक मनीष पटवा ने एफआईआर दर्ज करने के एवज में 5 लाख की रिश्वत की मांग की थी।

एसपी पटले के मुताबिक आरोपी पहले ही 25 हजार की रकम ले चुका था। लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन कर आज (16 अक्टूबर 2025) दूसरी किस्त के 75 हजार लेते हुए उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

ट्रैप दल में निरीक्षक उमा कुशवाहा (दल प्रभारी), निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक जितेंद्र यादव और निरीक्षक बृजकिशोर नरवरिया सहित जबलपुर लोकायुक्त की टीम शामिल रही।

# ड्रग तस्करी के आरोपी यासिन मछली और अमन दाहिया को जमानत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने ड्रग तस्करी के आरोप में भोपाल क्राईम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार किए गए यासिन मछली और अमन दाहिया को जमानत प्रदान कर दी। जस्टिस पीके अग्रवाल की सिंगल बेंच ने दोनों आरोपियों को हर माह की 10 और 25 तारीख को संबंधित थाने में हाजिरी देने के निर्देश दिए हैं।

भोपाल क्राईम ब्रांच ने जुलाई 2025 को यासिन मछली और अमन दाहिया को सैफुद्दीन उर्फ आशु उर्फ शाहरुख के मेमोरेण्डम के आधार पर गिरफ्तार किया था। मामले में आरोपियों की ओर से कहा गया कि सैफुद्दीन के जिस कथन के आधार पर यासिन और अमन को आरोपी बनाया गया, उसमें दोनों के ही नाम नहीं हैं। इसके अलावा दोनों के पास से कोई भी मादक पदार्थ भी बरामद नहीं हुआ। मामले में मादक पदार्थ के पंचनामा में गलत तारीख दर्ज होने पर अदालत ने क्राईम ब्रांच के एसआई नितिन कुमार पटेल को तलब किया था। एसआई ने हाजिर होकर कहा कि टाइपिंग मिस्टेक से पंचनामें में 20 जुलाई 2025 दर्ज हुई है, जबकि वास्तव में वह 23 जुलाई 2025 है। इसके लिए उन्होंने अदालत से बिना शर्त माफी मांगी।

# मारपीट करने वालों को 3-3 माह का सश्रम कारावास

**जबलपुर।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ऋचा बठेजा की अदालत ने मारपीट करने वाले आरोपियों शमीम शाह एवं सरफुल्लाह को 3-3 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अर्थदंड भी लगाया।

अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अंजीता सिंह ने बताया कि फिरयादी ने गोहलपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह व्यवसायी है। छह अक्टूबर 2016 को दोपहर जब वह दुकान आया तो साबिर, शमीम व दो अन्य उसकी दुकान में घुसे और गाली गलौच करने लगे। सभी ने हाथ घूसों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। जांच के बाद कोर्ट में चालान पेश किया गया।
























हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# मेडिकल रिएंबर्समेंट और निर्माण कार्यों के बिलों के रिकॉर्ड जब्त

## ईओडब्ल्यू की जिला अस्पताल विक्टोरिया में बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि, जबलपुर।

**आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने गुरुवार को जिला अस्पताल विक्टोरिया में सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी के कार्यालय में छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई मेडिकल रिएंबर्समेंट, निर्माण एवं मरम्मत कार्यों से जुड़े बिलों में आर्थिक अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर की गई।**

एसपी ईओडब्ल्यू अनिल विश्वकर्मा के निर्देश पर टीआई स्तर के अधिकारी और उनकी टीम ने सुबह अचानक कार्यालय में पहुंचकर दस्तावेजों की जांच शुरू की। टीम ने अस्पताल प्रबंधन से कई रजिस्टर, भुगतान संबंधी फाइलें और बिल वाउचर जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि इन बिलों में लाखों रुपये के फर्जी भुगतान और हेराफेरी के संकेत मिले हैं।



### ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं पर फोकस

सूत्रों के अनुसार जांच में कुछ ऐसे ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के नाम सामने आए हैं जिनके माध्यम से निर्माण और मरम्मत कार्यों के भुगतान किए गए थे, जबकि वास्तविक कार्य संदिग्ध पाए जा रहे हैं। ईओडब्ल्यू टीम पूरे रिकॉर्ड का मिलान कर रही है ताकि गड़बड़ी की वास्तविक राशि और जिम्मेदार अफसरों की भूमिका का पता लगाया जा सके।

### गिर सकती हैं कईयों पर गाज

ईओडब्ल्यू अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों की प्राथमिक जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

# गैस सिलेण्डर से होटल में भड़की आग

## अग्नि दुर्घटना में फर्नीचर, खाद्य सामग्री, टीव्ही जलकर खाक



**जबलपुर।** अधारताल चौराहे पर स्थित एक होटल में गुरुवार की सुबह अचानक भीषण आग भड़क उठी। इस दौरान क्षेत्र में दुकानदार और राहगीर कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड के अमले ने समय रहते मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिसके बाद होटल संचालक और आस-पास के व्यापारियों ने राहत की सांस ली। नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्हैया स्वीट्स एंड बेकर्स में सुबह 8।30 बजे गैस सिलेण्डर लीक होने से आग लग गई। बताया जा रहा है कि रसोई के हिस्से में फैले तेल और गैस पाइपलाइन के कारण आग ने तेजी से फैलकर पूरे होटल को अपनी चपेट में ले लिया। आग से फर्नीचर, पंखा, टीव्ही और खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। लगभग 2 से 3 लाख की अनुमानित क्षति आंकी गई हैं। होटल के कर्मचारियों ने तुरंत बाहर निकलकर आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की, साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी ही देर में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया।

हालांकि तब तक होटल में रखा सामान, फर्नीचर, फ्रिज, और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गए। शुरुआती अनुमान के अनुसार, आग से लगभग 2 से 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# नशे के इंजेक्शन व कफ सिरप की अवैध बिक्री पर लगे रोक

**जबलपुर।** शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं में बढ़ती नशाखोरी समाज को पतन की ओर ले जा रहीं है। कई दवा दुकानों में अवैध रूप अवैध रूप से युवाओं को बढ़े हुए दामों पर नशा करने हेतु कफ सिरफ व इंजेक्शन बिना प्रिस्किप्शन के बेचे जा रहे हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव और जेडीए के पूर्व उपाध्यक्ष मुहम्मद कदीर सोनी ने आरोप लगाया है कि मुनाफा कमाने के चक्कर में कई दवा दुकानों में नशा करने वाले युवाओं को प्रतिबंधित सिरप, इंजेक्शन आदि धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मांग की गयी है कि खुफिया रूप से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की दवा दुकानों की आकस्मिक जांच व निगरानी की जाए तो इस पूरे मामले की हकीकत सामने आ जाएगी।

# त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए पमरे चला रहा है स्पेशल ट्रेनें

## रेलवे प्रशासन ने अतिरिक्त रेल सेवाएं शुरू की

जबलपुर।



त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन ने अतिरिक्त रेल सेवाएं शुरू की हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर, रानी कमलापति और रीवा से कई दिशाओं में स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।जानकारी के अनुसार, जबलपुर–आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक स्पेशल (01707/01708) आगामी 3 नवंबर तक हर सोमवार को जबलपुर से दोपहर 2:40 बजे रवाना होगी और मंगलवार दोपहर 12:25 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन हर मंगलवार आनंद विहार से 1:45 बजे दोपहर को चलकर बुधवार सुबह 9:30 बजे जबलपुर पहुंचेगी।इसी तरह जबलपुर–दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (01701/01702) आगामी 5 नवंबर तक हर बुधवार और शुक्रवार को रात 7:35 बजे जबलपुर से रवाना होगी तथा अगले दिन सुबह 8:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन दानापुर से गुरुवार और शनिवार सुबह 11 बजे रवाना होकर अगले दिन भोर 4:15 बजे जबलपुर पहुंचेगी।रानी कमलापति–दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (01667/01668) भी 1 नवंबर तक संचालित रहेगी। यह ट्रेन शनिवार और मंगलवार को रानी कमलापति से दोपहर 2:25 बजे रवाना होगी, जबकि वापसी में रविवार और बुधवार को सुबह 11 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी।

इसी प्रकार रीवा–डॉ. अम्बेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल (01703/01704) हर शनिवार और रविवार को संचालित होगी। यह ट्रेन रीवा से शनिवार रात 10:20 बजे चलेगी और रविवार दोपहर 1:30 बजे लौटेगी।

त्योहारों पर महाराष्ट्र जाने वालों के लिए रीवा–हडपसर (पुणे) स्पेशल (01751/01752) भी चलाई जा रही है। यह ट्रेन 26 अक्टूबर को रीवा से सुबह 6:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 5 बजे हडपसर पहुंचेगी।

# कफ सिरप से मासूमों की मौत के मामले में आरोपी डॉ प्रवीण सोनी की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली

**जबलपुर।** जानलेवा कफ सिरप से हुई मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी डॉ प्रवीण सोनी की जमानत अर्जी पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई। मामला जस्टिस पीके अग्रवाल की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए नियत था, लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। जमानत अर्जी के विरोध में कई आपत्तियां भी पेश की गई हैं।अभियोजन के अनुसार, छिंदवाड़ा में अधिकांश को डॉ प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने डॉ. प्रवीण सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने डॉ. प्रवीण सोनी को गिरफतार कर लिया था और जिला न्यायालय ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है। जमानत अर्जी पर कहा गया है कि उन्होंने डॉक्टर होने के नाते बच्चों को कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। कफ सिरप बनाने तथा उसे बेचने की अनुमति निर्माण कंपनी को सरकार के संबंधित विभागों ने प्रदान की है। यह भी कहा गया कि डॉक्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के लिए मेडिकल बोर्ड की अनुमति आवश्यक है। पुलिस ने बिना अनुमति ही प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है।



# फायर सेफ्टी और इलेक्ट्रिक सेफ्टी पर विशेष ध्यान देने की पटाखा व्यापारियों को दी हिदायत

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया कठोंदा थोक पटाखा बाजार का निरीक्षण



**जबलपुर।** पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के लिये कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्ष संपत उपाध्याय ने गुरूवार को कठोंदा स्थित थोक पटाखा बाजार का निरीक्षण किया तथा पटाखा व्यापारियों को लायसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पटाखा व्यापारियों के लायसेंस, स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण भी किया। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार भी इस मौके पर उनके साथ थे। कठोंदा पटाखा बाजार के निरीक्षण में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पटाखा व्यापारियों कों फायर सेफ्टी और इलेक्ट्रिक सेफ्टी पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। उन्हें मौजूदा अग्निशमन उपकरणों के स्थान पर बिजली एवं ज्वलनशील तरल पदार्थों से लगने वाली आग को बुझाने में इस्तेमाल किये जाने वाले कार्बन डाई ऑक्साईड युक्त अग्निशमन यंत्र रखने के निर्देश दिये गये। पटाखा व्यापारियों से कहा गया कि दुकानों पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से रखे जायें। स्टॉक रजिस्टर रखने तथा इसे नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश भी पटाखा व्यापारियों को दिये गये तथा पटाखा दुकानों पर लायसेंसधारी व्यक्ति की अनिवार्य मौजूदगी सुनिश्चित करने कहा गया।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से थोक पटाखा बाजार के अंदर वाहनों के प्रवेश को सख्ती से प्रतिबंधित किया जाये। उन्होंने इसके लिये पटाखा बाजार परिसर की बैरीकेटिंग करने के निर्देश दिये तथा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पटाखा बाजार से सुरक्षित दूरी पर रखने की हिदायत दी। इस दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को थोक पटाखा बाजार का नियमित तौर पर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये तथा सुरक्षा मापदंडो में कमियां पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही करने कहा। नगर निगम के अपर आयुक्त विद्यानंद वाजपेयी, एसडीएम अधारताल पंकज मिश्रा, तहसीलदार अधारताल संदीप जायसवाल एवं नगर निगम के फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

## अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू

# रादुविवि कर्मचारी संघ में बगावत

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के शैक्षणोत्तर कर्मचारी संघ में इन दिनों गहरा असंतोष और अंदरूनी खींचतान उभरकर सामने आ गई है। संघ के एक बड़े वर्ग ने मौजूदा अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की औपचारिक पहल कर दी है। बताया जा रहा है कि कुल 216 कर्मचारियों ने हस्ताक्षरित एक पत्र 13 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं संघ संरक्षक प्रो. राजेश वर्मा को सौंपा है।इस घटनाक्रम के बाद कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा अब संघ राजनीति के किंग मेकर के रूप में देखे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि उनकी भूमिका यह तय करेगी कि संघ में वर्तमान नेतृत्व बना रहेगा या बदलाव की शुरुआत होगी। सूत्रों के अनुसार, संघ अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ने भी अपने समर्थन में कर्मचारियों से हस्ताक्षर अभियान चलाया है, जिससे यह स्पष्ट है कि वे आसानी से पद छोड़ने के मूड में नहीं हैं।अब सभी की निगाहें कुलगुरु कार्यालय पर टिकी हैं क्या कुलगुरु 21 अक्टूबर से पहले आमसभा बुलाने के निर्देश देंगे या पहले शिकायतों की जांच कराएंगे? जो भी हो, यह साफ है कि रादुविवि कर्मचारी संघ की यह लड़ाई केवल नेतृत्व परिवर्तन की नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की संघ राजनीति का नया अध्याय साबित हो सकती है।

### हड़ताल शुरु और बंद करने से उठा विवाद

यह विवाद सितंबर माह में शुरू हुआ, जब शैक्षणोत्तर कर्मचारी संघ ने 20 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार और हड़ताल की थी। हड़ताल जारी थी तभी 24 सितंबर को संघ अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल का एक पत्र सामने आया जिसमें उन्होंने हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा कर दी। इस फैसले से अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी भड़क उठे। उनका कहना था कि अध्यक्ष ने यह निर्णय एकतरफा लिया और वीसी कार्यालय की दबाव राजनीति के तहत समझौता किया। तकनीकी कारणों से हड़ताल समाप्त करनी पड़ी, लेकिन कर्मचारियों ने उसी समय तय कर लिया था कि अब अध्यक्ष को पद से हटाया जाएगा। संघ के उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश पुरोहित, सह-उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी और महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल ने संयुक्त बयान में बताया कि अध्यक्ष के कार्यों को लेकर संघ के सदस्यों में असंतोष व्याप्त है। इसी के चलते संघ संविधान की धारा 19 के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया है। पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि सूचना मिलने के सात दिनों के भीतर यानी 21 अक्टूबर 2025 तक संघ की आमसभा आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अध्यक्ष के विरुद्ध गुप्त मतदान के माध्यम से निर्णय लिया जाएगा। कर्मचारियों ने कुलगुरु से अपील की है कि प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे, इसके लिए एक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की जाए जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करे। चूंकि कुलगुरु कर्मचारी संघ के संरक्षक हैं, इसलिए उनके अनुमोदन के बिना आगे की कोई कार्रवाई संभव नहीं है।

# कलेक्टर एवं सीईओ ने किया हाट बाजार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत ने रेल सौरभ कॉलोनी स्थित संभागीय हाट बाजार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उक्त हाट बाजार में अभी डीएमएफ से मरम्मत का कार्य चल रहा है, जैसे ही हाट बाजार का कार्य पूर्ण होगा वहां राष्ट्रीय आजीविका मिशन के उत्पादों के विक्रय किया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी से कहा कि मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाये, ताकि समय पर हाट बाजार की कार्ययोजना को मूर्त रूप में लाया जा सके।







## खबर संक्षेप

### जनरेटिंग कंपनी के 59 कार्मिकों को उच्च वेतनमान के आदेश जारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने दिवाली का तोहफ़ा देते हुए अपने 59 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए हैं। मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय से जारी आदेशानुसार जिन कार्मिकों को यह लाभ प्राप्त हुआ है उनमें 30 कार्मिकों को चतुर्थ व 16 कार्मिकों को तृतीय समयमान वेतनमान, 9 कार्मिकों को द्वितीय उच्च वेतनमान एवं चार कार्मिकों को प्रथम उच्च वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है।

### अज्ञात जालसाज ने महिला के खाते से 5 लाख रुपए निकाले

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत शिवाजी वार्ड पनागर में एक महिला के खाते से अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी कर 5 लाख 19 हजार रुपए निकाल लिए।
पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाजी वार्ड पनागर निवासी 40 वर्षीय श्रीमति शशि पटेल का खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा पनागर में है। गत 24 जून 2023 से 27 जुलाई 2023 के बीच किसी अज्ञात जालसाज ने 5 लाख 19 हजार रुपए यूपीआई के माध्यम से उसके खाते से निकाल लिये है। उस खाते से उसका मोबाईल नम्बर लिंक था जो कि वर्ष 2023 में बंद हो गया था जिस कारण बैंक से रूपये निकाले जाने के संबंध में उसे कोई मैसिज प्राप्त नहीं हुये, जब वह अपना पैसा निकालने बैंक गयी तो पता चला कि खाते में पैसे नहीं है। अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी करते हुये 65 किश्तों में 5 लाख 19 हजार रूपये निकाल लिये है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### जुआ के फड़ पर छापा

**जबलपुर।** भेड़ाघाट पुलिस ने ग्राम तेवर में खेरमाई मंदिर के पास बिजली खंबे के नीचे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 6 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 हजार 950 रुपए जब्त किए है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम तेवर में खेरमाई मंदिर के पास बिजली खंबे के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे सोमनाथ डुमार, रोहित कोरी, सुभाष पाटिल, निखलेश महावर, अमन सिंह ठाकुर, आशीष चौधरी को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के 52 पत्ते तथा नगदी 2 हजार 950 रूपये जप्त करते हुये जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### धान का पंजीकरण न होने से किसानों में रोष

**बरेला।** किसान बड़ी मेहनत करके दिन रात रखवाली करने के बाद अन्न उत्पादन करता है। मौसम की मार का संकट भी परेशान करता है। जैसे तैसे अन्न घर आता है तो बेचने और उचित दाम के लिए भी भटकना पड़ता है। शासन ने धान पंजीयन 10 अक्टूबर तक कराने का फरमान जारी किया। परन्तु नेट और सरवर की समस्या के कारण बहुत से किसान पंजीयन नहीं करा पाए। अब उनकी चिंता बढ गई , कैसे धान की तुलाई होगी।अनेक किसानों ने कलेक्टर महोदय, और सरकार से पंद्रह दिन और पंजीयन कराने की मांग की है लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।
किसान यूनियन सर्व के प्रदेश अध्यक्ष सम्मति सैनी और जिला अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने कृषि मंत्री जी से कहा है कि किसानों का पंजीयन कराया जाये। ताकि किसानों का शोषण न हो। अतिशीघ्र इस विषय को लेकर माननीय कलेक्टर महोदय से मुलाकात करेंगे।

### टिकट चैकिंग से 66 करोड़ 35 लाख का राजस्व प्राप्त किया

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से सितम्बर 2025 तक कुल 9 लाख 56 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 66 करोड़ 35 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जो इसी अवधि में पिछले वर्ष वसूले गये जुर्माने की तुलना में 8.32 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ के समन्वय से पश्चिम मध्य रेल यात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराने के उद्धेश्य से ट्रेनों में टिकट चैकिंग अभियान आगे भी चलाये जाते रहेंगे।

# मक्का लदा ट्रक हाईवा से टकराया, चालक की मौत

### भेड़ाघाट में हादसा : 2 घंटे में निकली केबिन में फंसी लाश

**हरिभूमि, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के बहदन पुल के पास देर रात एक दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। बताया गया है कि मक्का से लदा ट्रक खड़े हाईवा से जा टकराया। भीषण टक्कर में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक का शरीर केबिन में बुरी तरह फंस गया, जिसे निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को करीब दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।



भेड़ाघाट थाना से मिली जानकारी के अनुसार, बिजौरी निवासी भूरा ठाकुर ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 7907 लेकर मक्का मंडी की ओर जा रहा था। रास्ते में बहदन पुल के समीप अचानक सामने खड़े हाईवा से टकरा गया। टक्कर की आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

थोड़ी देर में भेड़ाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्रक के केबिन को काटकर चालक का शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को मेडिकल कॉलेज भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

भूरा ठाकुर के साथियों ने बताया कि वह एक अनुभवी ड्राइवर था और कम उम्र से ही ट्रक चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। वह किसी भी तरह का नशा नहीं करता था। ऐसे में यह हादसा कैसे हुआ, यह बात समझ से परे है। पुलिस यह जांच कर रही है कि हादसे का कारण तेज रफ्तार थी या हाईवा बिना चेतावनी के सड़क किनारे खड़ा था।

**कोनी में भी पलटा ट्रक, चालक घायल**

इधर, पाटन के कोनी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक और सड़क हादसा हो गया। हरिद्वार से रायपुर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में पंचवटी कंपनी का अचार और इलेक्ट्रिक सामान लोड था।

घायल चालक ने बताया कि मोड़ के पास ट्रक का प्रेशर पाइप फट गया, जिससे ब्रेक फेल हो गए और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकाला और प्राथमिक इलाज के लिए भेजा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोनी के इस मोड़ पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यहां सुरक्षा रेलिंग और संकेत बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# हाईवा की टक्कर से युवती की मौत, युवक गंभीर

**जबलपुर। माढ़ोताल थाना**

अतंर्गत खजरी खिरिया बाईपास चौराहा के पास हाईवा अचानक से मुड़ा जिस कारण बाईक में साइड से टक्कर लग गई जिससे बाईक में सवार एक युवती व एक युवक चक्के के नीचे आ गए, जिससे युवती की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं युवक को गंभीर चोटें आ गई है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीग्राम बुढ़ागर गोसलपुर निवासी 18 वर्षीय अंशिका तिवारी और ग्राम बम्होरी थाना पनागर निवासी 18 वर्षीय अनमोल तिवारी गत दिवस श्री राम कॉलेज माढ़ोताल से घर आ रहे थे। तभी कटंगी वायपास से आते समय हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेड एस 4009 द्वारा तेज गति से चलाते हुये खजरी खिरिया बाईपास चौराहा के पास अचानक वायें तरफ मुड़ जाने से बाईक में साइड से टक्कर लगने से बाईक चालक अनमोल तिवारी एवं बाईक में पीछे बैठी अंशिका तिवारी चक्के के नीचे आ गये जिससे अंशिका तिवारी की मौके पर मृत्यु हो गयी है। वहीं अनमोल का पैर हाईवा के चके के नीचे आने से गम्भीर चोटे आ गई है, जिसे एंबुलेंस से उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी हाईवा चालक अपना हाईवा छोड़कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए, 106(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# एसएस महाविद्यालय में लगी वनस्पति प्रदर्शनी

**सिहोरा।**

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा एथेनोबोटनी विषय पर मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें बी एस सी तृतीय वर्ष माइनर और ओपन इलेक्टिव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें विद्यार्थियों ने आदिवासियों की जीवनशैली एवं उनके द्वारा उपयोग किए गए औषधीय पौधों, और उनसे बनी औषधी के बारे में मॉडल के माध्यम से बताया। इस कार्यक्रम का आयोजन वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अंजली मंडावें के निर्देशन में किया गया संयोजन डॉ अंजू कठेल द्वारा किया गया जिसमें सुप्रीता सेंगर ने सहयोग प्रदान किया गया।



# 2 सूने घरों के ताले टूटे, लाखों के जेवर व नगदी पार

**जबलपुर।**

गोसलपुर और शहपुरा थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं। गोसलपुर कछपुरा में एक वृद्ध के घर से सोना चांदी व नगदी 50 हजार रुपए और शहपुरा में वार्ड न. 10 कछरिया मोहल्ला बरम बाबा के पास अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवर व नगदी रुपए चोरी कर ले गए।

गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कछपुरा निवासी 65 वर्षीय शिक्षा विभाग से रिटायर कमला प्रसाद पटेल गत रात लगभग 11 बजे अपनी पत्नी के साथ सो गए थे। रात लगभग 2 बजे बाथरुम को उठे तो देखा कि दरवाजा खुला था तथा घर के अंदर कमरे का भी दरवाजा खुला था, अंदर जाकर देखा तो आलमारी का ताला टूटा था जिसमें रखे सोने की 1 जोडी झुमकी कनछडी सहित, एक माला, चांदी की एक जोड़ी पायल एवं नगदी 50 हजार रुपये अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। उसने अपने आस-पास व मोहल्लें के लोगों को चोरी की सूचना दी तो पता चला कि मोहल्ले के धर्मेन्द्र पटेल के घर में भी चोरी हुई है।

**गोसलपुर और शहपुरा थाना क्षेत्र में वारदातें**

इसी तरह शहपुरा में वार्ड नंबर 10 कछरिया मोहल्ला बरम बाबा के पास शहपुरा निवासी 27 वर्षीय कपिल सेन ने शहपुरा थाना में लिखित शिकायत की, कि परिवार में उसकी पत्नी मुस्कान सेन, बहन खुशी सेन, पिता दिलीप सेन, मां नीलम सेन तथा छोटी बच्ची अद्विका सेन हैं। वह अपने पूरे परिवार के साथ भागवत सुनने के लिये गत 7 अक्टूबर को घर पर ताला लगाकर मथुरा वृंदावन उ.प्र. गया था। गत 14 अक्टूबर की सुबह 11 बजे उसे फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचा तो देखा घर का ताला टूटा हुआ था, और पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। अलमारी में रखा जेवर 6 चांदी के चूडा, 04 हाय, 04 चांदी के चंदमा, 05 छोटे छोटे चांदी के लाकेट चोरी कर ले गए। चोरी गए माल की कीमत लगभग 25 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# 67 ब्राह्मण छात्र-छात्राओं को नोटबुक का वितरण



**सिहोरा।** शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सर्वोदय ब्राह्मण समाज ने सी.एम.राइज स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक में अध्ययनरत 67 ब्राह्मण छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री के रूप में नोटबुक (कॉपियों) का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम स्कूल के उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा के सानिध्य में और समाज के उपाध्यक्ष शीतल दुबे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अर्जुन गर्ग,रवि मिश्रा,नरेंद्र दुबे,सुरेंद्र मिश्रा,नवनीत शुक्ला और जय प्रकाश तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**सिंधी कैंप में भाई-भाई में हुआ झगड़ा**

# छोटे ने मारा थप्पड़, मंझले ने घोप दी चाकू

**जबलपुर।**

हनुमानताल थाना अतंर्गत सिंधी कैंप पुलिस चौकी के पीछे मंझले भाई ने अपने छोटे भाई पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी कैंप पुलिस चौकी के पीछे निवासी 25 वर्षीय छोटू कुशवाहा अपने बड़े भाई गोविंदा कुशवाहा के साथ गत दोपहर लगभग 2 बजे जीत जांगड़े के घर में पुताई करके खाना खाने के लिए घर आया था इस दौरान मंझले भाई रामू कुशवाहा से छोटू कुशवाहा ने कहा कि कहीं पर पुताई का काम लेते हो तो उस काम को पूरा करना चाहिये इसी बात को लेकर दोनों भाई आपस में झगडा करने लगे। बड़े भाई गोविंद ने दोनों को समझाया तो दोनों अलग अलग हो गये, मंझले भाई रामू ने घर मे रखे स्पीकर की आवाज तेज कर दी तो छोटू ने स्पीकर की आवाज कम करने को कहा तो रामू ने आवाज कम करने से मना कर दिया, इसी बात पर दोनों के बीच फिर से झगड़ा होने लगा। छोटू ने रामू को दो थप्पड़ मार दिये तो रामू गुस्से में आकर घर से चाकू निकालकर लाया और जान से मारने की नियत से छोटू के पेट पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिए। पुलिस ने आरोपी मंझले भाई के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कलेक्टर ने पीएम केयर्स के बच्चों से किया संवाद

**जबलपुर।**

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना अंतर्गत जिले के उन बच्चों से संवाद किया, जिन्होंने कोविड महामारी के कारण अपने माता एवं पिता दोनों को खोया है। उन्होंने सभी बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ, खेल, रूचि आदि के बारे में संवाद किया और कहा कि वे पढ़ाई को प्राथमिकता दें और समाचार पत्र भी पढ़े, जिससे नई-नई जानकारियां मिलती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी परेशानी हो तो वे तुरंत उन्हें या संबंधित अधिकारी को सूचित करें।




उल्लेखनीय है कि ऐसे बच्चों को 18 वर्ष पूर्ण होने पर मासिक 5500 रूपये प्रतिमाह स्टायपेंड का प्रावधान है। 23 वर्ष पूर्ण होने पर बच्चों को 10 लाख रूपये प्रदान किया जायेगा। साथ ही आयुष्मान भारत के अंतर्गत 5 लाख रूपये का स्वास्थ बीमा भी कव्हर है। कक्षा 1 से 12वीं तक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय के माध्यम से वार्षिक 20 हजार रूपये छात्रवृत्ति तथा स्पांसरशिप योजना अंतर्गत 4 हजार रूपये प्रतिमाह का भुगतान का प्रावधान है। जिले में ऐसे 16 बच्चें हैं जिनमें से 4 बच्चे अन्य शहरों में पढ़ाई कर रहे हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों से संवाद के बाद उन्हें दीपावली के अवसर पर उपहार भी प्रदान किया।

# एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंदम संस्थान के संयुक्त तत्वधान में एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन आज गुरुवार को जिला पंचायत के सभागार में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गेहलोत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह, आनंदम संस्थान की जिला समन्वयक सुश्री दीप्ति ठाकुर, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक घनश्यामेश्वर दयाल रायपुरिया भी मौजूद थे। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया।



जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुये बताया कि दैनिक कार्यों के साथ जीवन को कैसे खुशहाल बनाया जा सके और कार्यस्थल का माहौल कैसे खुशनुमा रख सकें इसकी जानकारी देना कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

आनन्दम संस्थान की जिला समन्वयक सुश्री दीप्ति ठाकुर ने जीवन को खुशहाल बनाने के तरीकों की चलचित्र एवं डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र असाटी, अर्चना शर्मा, सारिका अग्रवाल, सुनीता लखनपाल एवं अनिता यादव ने भी स्वयं को खुश रखने के साथ-साथ परिवार और समाज में खुशनुमा माहौल बनाये रखने के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला में जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पुलिस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग तथा नगर परिषद बरेला और भेड़ाघाट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक विनायक वडनेरकर द्वारा किया।

**मदन महल पहाड़ी स्थित हज़रत पीराने पीर गौस-ए-आज़म की दरगाह में जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के आख़िरी उर्स मेले का आयोजन**

# रमदन महल दरगाह में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**जबलपुर**

मदन महल पहाड़ी स्थित हजरत पीराने पीर गौस-ए-आजम की दरगाह में जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के आख़िरी उर्स मेले का आयोजन अकीदत और परम्परानुसार किया गया। इस दौरान हजारों की तादाद में जायरीन ने दरगाह शरीफ पहुंचकर चादर और निशान पेश किए, नजर-ओ-नियाज़ पेश की और लंगर तकसीम किया। पूरे मदन महल पहाड़ी क्षेत्र में दिनभर "या गौस अल मदद" के नारों से गूंजती रही और हर तरफ हरे झंडे लहराते नजर आए। अलसुबह नमाज-ए-फज्र के बाद से ही जायरीन की आमद शुरू हो गई थी, जो दिनभर जारी रही। दोपहर बाद दरगाह में जनसैलाब उमड़ पड़ा — राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 से सूपाताल कब्रिस्तान होते हुए दरगाह तक के करीब 1 किलोमीटर लंबे रास्ते पर जायरीन की भीड़ उमड़ पड़ी।

शहनाई और बैंड पर बजती नातिया धुनों के बीच सैकड़ों की संख्या में चादरें और निशान पेश किए गए। मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ अन्य धर्मावलंबियों ने भी दरगाह में चादर और झंडे चढ़ाकर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। इस अवसर पर 11, 21 मीटर लंबी चादरें तथा 31 और 51 फुट ऊँचे निशान भी पेश किए गए। दरगाह परिसर में अनेक बाबाओं के ऊपर हाल की आमद हुई उनके इर्द गिर्द मुरीदों की भीड़ लगी रही! बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी अपने मासूम बच्चों के साथ हाजिरी पेश की। मेले में खाने-पीने के स्टॉल और बच्चों के झूले भी आकर्षण का केंद्र रहे!

### सूफ़ी संत सम्मेलन में भाईचारे का पैग़ाम

अपराह्न जलसागाह में आयोजित सूफ़ी संत सम्मेलन में मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सरपरस्ती तथा सूफ़ी मुबारक कादरी की सदारत एवं इनायत कादरी की निजामत में आयोजित हुई "बज़्म-ए-सूफ़िया" में कादरी, चिश्ती, निज़ामी, साबरी, मदारी, न्याज़ी, रज़वी, वारसी, सुल्तानी, बुर्हानी, अशरफ़ी, रब्बानी, बंदानवाज़ी सहित विभिन्न सिलसिलों के सूफ़ी बुज़ुर्ग शामिल हुए। सम्मेलन में सूफ़ी संतो ने देश में एकता, मोहब्बत और भाईचारे का पैग़ाम जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया! इस मौके पर सज्जादानशीन निजाम कादरी ने मुल्क में अमन, खुशहाली व तरक्की की दुआ की। मौलाना चांद रजा कादरी ने अपनी तकरीर पेश की! असलम माजिद जबलपुरी, इजहार जबलपुरी ने नात और मनक़बत पाक पढ़कर अकीदत का इजहार किया। दरगाह के खादिमानो में जुलफ़िक़ार अली, निज़ाम कादरी, मंसूर अली, याकूब अली शाह, जवाहर कादरी, अफजल कादरी अमान कादरी और राज कादरी ने सूफ़ी हज़रात की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। आफ़ताब अली कादरी, राहत अली, सलामत अली, आबिद अली, मुहम्मद अली, असगर कादरी, इदरीस कादरी,आशु कादरी और जलील शाह ने तबर्रुक पेश किया। अंत में मग़रिब की नमाज़ के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया।

### आज होगा कुल शरीफ

दरगाह शरीफ में शुक्रवार को जुमे की नमाज़ के बाद कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दूर-दराज से आए सूफ़ी हज़रात की दस्तारबंदी कर विदाई दी जाएगी। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी और सज्जादानशीन मुबारक कादरी,निजाम कादरी, इनायत कादरी ने सभी अकीदतमंदों से इस रूहानी महफ़िल में शिरकत की गुज़ारिश की है




**श्री भागीरथ अहिरवार-** राजीव गांधी नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री टीकाराम अहिरवार के पुत्र श्री भागीरथ अहिरवार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशन-** शंकरशाह वार्ड रामपुर निवासी श्री किशन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रज्जी बाई चौधरी-** सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री प्रेमलाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रज्जी बाई चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश दीक्षित-** रेलवे क्रासिंग काली मंदिर के पास गढ़ा निवासी श्री रमेश दीक्षित (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री काशीनाथ बेन-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री काशीनाथ बेन (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती डॉली विश्वकर्मा-** नब्बे क्वाटर्स विजयनगर निवासी श्री संदीप विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती डॉली विश्वकर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जवाहर लाल चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री जवाहर लाल चौधरी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद कनौजिया-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री नारायण प्रसाद कनौजिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पंकज चौधरी-** चंडाल भाटा चेरीताल निवासी श्री लक्ष्मण चौधरी के पुत्र श्री पंकज चौधरी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चंद्रभान सिंह-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री चंद्रभान सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी बाई-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री श्याम की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी बाई (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कल्लू प्रसाद सेन-** गलगला तिराहा निवासी श्री कल्लू प्रसाद सेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रशेखर लोधी-** मिलौनीगंज छोटा फुहारा निवासी श्री चंद्रशेखर लोधी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजलक्ष्मी वर्मा-** एम्बेसी अपार्टमेंट शास्त्री नगर निवासी श्री दुर्गेश नारायण वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजलक्ष्मी वर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई सोनकर-** पेशकारी स्कूल के पास मदनमोहन मालवीय वार्ड निवासी श्री नगीनचंद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई सोनकर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप पटेल-** मॉडल रोड दवा बाजार के पास निवासी श्री दिलीप पटेल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ

**श्रीमती लता अग्रवाल-** कोतवाली निवासी श्री अखिलेश अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती लता अग्रवाल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोना गिरी-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री सांवरिया गिरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना गिरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री कमलेश रैकवार (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# चार सरकारी बैंकों का एसबीआई और पीएनबी में होगा विलय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- आईओबी, सीबीआई, बीओआई और बीओएम का होगा विलय

भारत का बैंकिंग क्षेत्र एक और बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकार पब्लिक सेक्टर के बैंकों (पीएसबी) के बीच नए मेगा मर्जर पर काम कर रही है, जिसके तहत छोटे सरकारी बैंकों को बड़े बैंकों में मिलाने की योजना है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई), बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) और बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) जैसे बड़े बैंकों के साथ विलय करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## सरकार की छोटे सरकारी बैंकों को बड़े बैंकों में मिलाने की योजना

### 'रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन' क्या है?

'रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन' एक आंतरिक सरकारी दस्तावेज होता है, जिसमें बैठक के दौरान हुई प्रमुख चर्चाओं और सहमतियों को दर्ज किया जाता है। इसी दस्तावेज के आधार पर आगे की नीतिगत स्वीकृतियां और कैबिनेट स्तर पर निर्णय लिए जाते हैं। इस प्रस्ताव को पहले वरिष्ठ अधिकारियों के बीच चर्चा के लिए कैबिनेट स्तर पर रखा जाएगा और उसके बाद इसे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में विचार के लिए भेजा जाएगा।







*इलाहाबाद का विलय इंडियन बैंक में हुआ :* ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का विलय पंजाब नेशनल बैंक में हुआ। वहीं सिंडिकेट बैंक का विलय केनरा बैंक में, देना बैंक और विजया बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ौदा में, इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में, आंध्रा बैंक और कॉरपोरेशन बैंक का विलय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हुआ।

### पहले इन बैंकों का हो चुका है मर्जर

इससे पहले साल 2017 से 2020 के बीच सरकार ने पब्लिक सेक्टर के 10 बैंकों का 4 बड़े बैंकों में विलय किया था। इसके बाद सरकारी बैंकों की संख्या घटकर 12 हो गई। 2017 में यह 27 थी। 2017 से 2020 के दौरान सरकार के प्लान के तहत स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर और भारतीय महिला बैंक का विलय भारतीय स्टेट बैंक में हुआ।

### योजना पर वित्त वर्ष 2026-27 के कैबिनेट में होगी चर्चा

सरकारी अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट में बताया है कि इस योजना पर वित्त वर्ष 2026-27 में कैबिनेट और पीएमओ स्तर पर चर्चा की जाएगी। प्रस्ताव को पहले 'रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन' के रूप में रखा जाएगा, जो आगे के निर्णयों का आधार बनेगा। बता दें कि यह कदम सरकार के उस दीर्घकालिक लक्ष्य का हिस्सा है जिसके तहत मजबूत, बड़े और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सरकारी बैंक तैयार किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### इंडियन बैंक के लाभ में 11.5 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का 2025-26 की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 11.53 प्रतिशत बढ़कर 3,018 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने 2024-25 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में 2,706 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आय बढ़कर 11,964 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,125 करोड़ रुपये थी।

### विप्रो के शुद्ध लाभ में मामूली बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली बढ़कर 3,246.2 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,208.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### जी एंटरटेनमेंट के शुद्ध लाभ में 63 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र की कंपनी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63.46 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 76.5 करोड़ रुपये रह गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 209.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### रुपया 21 पैसे बढ़कर 87.87 प्रति डॉलर पर




**मुंबई।** लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले 21 पैसे बढ़कर 87.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने और निवेशकों में जोखिम की भावना के फिर से उभरने से यह तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक ने निवेशकों को और उत्साहित किया।

### ग्रो ने जिंस कारोबार सेवाएं शुरू की




**नई दिल्ली।** शेयर ब्रोकर ग्रो ने बृहस्पतिवार को अपने मंच पर जिंस कारोबार शुरू किया। कंपनी अपनी संपत्ति और पूंजी बाजार पेशकशों में विविधता ला रही है और यह कदम उसी का हिस्सा है।ग्रो के सक्रिय ट्रेडिंग खातों वाले ग्राहक एमसीएक्स के माध्यम से कच्चा तेल, सोना, चांदी और प्राकृतिक गैस जैसी जिंसों में कारोबार कर सकते हैं।

### रूबिकॉन रिसर्च का निर्गम 28 फीसदी उछलकर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** दवा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 485 रुपये से करीब 28 प्रतिशत की बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 27.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 620.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर ने 27.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 620 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 9,917.97 करोड़ रुपये रहा।

## सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर

# दिवाली से पहले सोने में उछाल; आभूषण के बजाय छड़, सिक्के खरीद रहे हैं ग्राहक

एजेंसी ▸▸ मुंबई

व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिवाली और शादी के मौसम से पहले सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर हैं, लेकिन इससे उपभोक्ता मांग में कोई कमी नहीं आई है। हालांकि, कई लोग आभूषणों की बजाय 'ठोस सराफा' को तरजीह दे रहे हैं। एमसीएक्स में दिन में सोने की कीमत 1,28,395 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।

मुंबई के प्रसिद्ध झावेरी बाजार में उम्मेदलाल तिलोकचंद झावेरी ज्वेलर्स के मालिक वृषांक जैन ने कहा, 'सोने की कीमतें हर दिन बढ़ रही हैं और लोग इस पर नज़र रख रहे हैं और निवेश के लिए आ रहे हैं। आभूषणों की मांग धीमी हुई है, लेकिन लोग सोने की छड़ें और सिक्के खरीद रहे हैं। इस त्योहारी मौसम और शादी के मौसम से पहले हम सोने और चांदी की छड़ों की काफी मांग देख रहे हैं।'

### सराफा में और तेजी की उम्मीद

झावेरी ने बताया, 'कई खरीदार अग्रिम बुकिंग या सोने के सिक्के खरीदकर मौजूदा कीमतों पर ही खरीदारी कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें आने वाले दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में और तेज़ी आने की उम्मीद है।' जैन ने कहा कि उपभोक्ता अक्सर सोने को एक दीर्घकालिक निवेश के रूप में देखते हैं और भारत में इसका गहरा सांस्कृतिक महत्व भी है क्योंकि धनतेरस जैसे त्योहारों और शादियों जैसे अवसरों पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

## उच्च कीमतों से उपभोक्ता मांग में कोई कमी नहीं आई

### भविष्य के लिए एक अच्छा निवेश

झावेरी बाजार की एक अन्य ग्राहक शर्मिला ने कहा कि वह हर साल सोना खरीदती हैं। उन्होंने कहा, ''कीमतों में उछाल के बावजूद, मैं इस बार भी सोना खरीदूंगी, शायद थोड़ी कम मात्रा में... मैं अपने बच्चों को शुभ अवसरों पर सोना खरीदने की परंपरा और यह कैसे भविष्य के लिए एक निवेश है, इसके बारे में भी सिखाना चाहती हूँ।



### तनाव ने कीमतों में उछाल ला दिया

भारतीय सराफा आभूषण संघ के प्रवक्ता कुमार जैन ने 'ठोस सर्राफा' खरीदने के चलन की पुष्टि की। उन्होंने आगे कहा, ''शादियों के लिए लोग अपने पुराने सोने को पुनचक्रण करवाने आ रहे हैं और मांग में कोई कमी नहीं आई है। अमेरिकी व्यापार युद्ध, स्टाम्प शुल्क में वृद्धि, यूक्रेन-रूस और पश्चिम एशिया के बीच तनाव... इन सबने सोने की कीमतों में उछाल ला दिया है।''

### सोना रिकॉर्ड स्तर से फिसला चांदी 2,000 रुपए मजबूत

*कारोबारियों की मुनाफावसूली के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं और 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले कारोबार में 1,000 रुपये बढ़कर 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।*

### सोने में 200 रुपए की गिरावट

स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये घटकर 1,31,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। इससे पहले यह अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 1,31,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चांदी की कीमतों में 2,000 रुपये की तेजी आई और यह अपने रिकॉर्ड स्तर 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के करीब पहुंच गई। मंगलवार को इसने 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम का रिकॉर्ड छुआ था।

# जेप्टो ने 45 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फटाफट सामान पहुंचाने वाली कंपनी जेप्टो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कैलिफोर्निया पब्लिक एम्प्लॉइज रिटायरमेंट सिस्टम (कैल्पर्स) की अगुवाई में 45 करोड़ डॉलर (करीब 3,757.5 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। यह पूंजी सात अरब डॉलर के मूल्यांकन पर जुटायी गयी है। कंपनी ने इससे पहले पिछले साल नवंबर में 35 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटायी थी। उस समय कंपनी का मूल्यांकन पांच अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया था।

**OFFICE OF THE SECRETARY**
KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR DIST. JABALPUR
**Notice Inviting Tender**
N.I.T. No/Nirman/2025-26/N-451 JABALPUR dated: 16.10.2025
Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for 1. CONSTRUCTION OF 72 NOS SHOP (SIZE-6.30 X 3.60 METER WITH 2.30 METER VARANDHA) INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION WORK (PAC-589.58 LACS) 2.CONSTRUCTION OF 64 NOS SHOP (SIZE 6.30 X 3.60 METER WITH 2.30 METER VARANDHA INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION WORK (PAC-524.07 LACS) AT ADDITIONAL MARKET YARD (FRUITS & VEGETABLES) GRAM ONRIYA AND GRAM KARMETA, TEHSIL ADHARTAL, JABALPUR DISTT JABALPUR Tender Number: 2025 MPSAM_457925_1
PAC amount Rs. 1113.65 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 06.11.2025 Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.
Note: Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in
Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti JABALPUR Distt. JABALPUR

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय जबलपुर (म.प्र.)**
**क्रमांक-JBPLP11092540653/दिनांक 15-OCT-2025**
क्र.-1826 दिनांक 15-OCT-2025
**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु**
जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (MAYANK GROVER)-1-SHRI MAHENDRA PRATAP PAHWA H.U.F. S/O LATE SHRI M.R. PAHWA, 2-SHRI ANKUR PAHWA S/O SHRI MAHENDRA PRATAP PAHWA, 3-SMT CHETNA PAHWA W/O SHRI ANKUR PAHWA DEVELOPERS THROUGH AGREEMENT M/S M.G.M. DEVELOPERS 1-SHRI MAYANK GROVER, 2-SHRI ANIL KUMAR MENDIRATTA, 3-SHRI VAIBHAV MALIK द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-
(क) परियोजना का नाम :- TRIDENT HILLS
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Temar तहसील Ranjhi व जिला Jabalpur की भूमि सर्वे क्रमांक /खसरा क्रमांक 192, 193, 196, 221 कुल रकबा 2.41 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजन :- RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOTTED HOUSING
(घ) स्वीकृति क्रमांक JBPLP03092459553 दिनांक 2025-01-17
पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=tT4FzZILX81826 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।
संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश
जिला जबलपुर (म.प्र.)

# ऑरेकल के नई एआई डेटा मंच को 1.5 अरब डॉलर से अधिक निवेश मिला




- वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर एआई डेटा मंच लाने की तैयारी

एजेंसी ▸▸ लास वेगास

अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी ऑरेकल ने कहा है कि उसके साझेदारों और वैश्विक सिस्टम इंटिग्रेटर ने उसके नये एआई डेटा मंच में 1.5 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़ रुपये) से अधिक का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

इस निवेश का उद्देश्य प्रशिक्षण, कौशल विकास और विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के लिये कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित समाधान तैयार करना है। सॉफ्टवेयर कंपनी ने कहा कि इस एआई डेटा मंच में निवेश की प्रतिबद्धता जताने वाले साझेदारों में इन्फोसिस, एलटीआई माइंडट्री, कॉग्निजेंट, एक्सेंचर और केपीएमजी शामिल हैं। विश्लेषण खंड के कार्यकारी उपाध्यक्ष टी.के. आनंद ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, "हम अपने वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर एआई डेटा मंच लाने की तैयारी कर रहे हैं। इनमें से कई साझेदारों ने 1.5 अरब डॉलर से अधिक की राशि प्रशिक्षण और उद्योग-विशिष्ट समाधानों के विकास पर निवेश करने का संकल्प लिया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस निवेश के तहत 8,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित किया जाएगा और 100 से अधिक उद्योग-विशिष्ट उपयोग मामलों का विकास किया जाएगा। इन्फोसिस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य आपूर्ति अधिकारी दिनेश राव ने कहा कि ऑरेकल का एआई डेटा मंच कंपनी की रणनीतिक प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है।

*एलटीआई माइंडट्री 20 करोड़ डॉलर करेगी निवेश : राव ने कहा कि इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2024-25 में शोध एवं विकास पर 14 करोड़ डॉलर का निवेश किया और आने वाले वर्षों में ऑरेकल के एआई मंच में इसकी अतिरिक्त निवेश की योजना है। एलटीआई माइंडट्री ने इस मंच में 20 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की है। वहीं केपीएमजी अगले तीन से पांच वर्षों में 20 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी और 1,600 कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षण देगी।*

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ICF व LHB बोगी के कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**
मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित हैः
**निविदा सूचना सं.:** MIBW-2025-19-06-09-5 दिनांक: 14.10.2025
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार ICF & LHB बोगियों की स्प्रिंगिंग, स्प्रिंग्स की ओवरहॉलिंग और कोचों की अन्य नॉन-कोर गतिविधियाँ।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 34,92,026/- (रु. चौंतीस लाख बानवे हजार छब्बीस मात्र), सभी करों सहित), **बयाना राशि:** ₹ 69,900/- (रु. उनहत्तर हजार नौ सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 02 (दो) महीने, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।
**निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **29.10.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है व इन्हे अस्वीकार कर दिया जाएगा। । प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**कार्यशाला प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग, नागपुर**
MS/33-157
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# ओला का ऊर्जा भंडारण प्रणाली के क्षेत्र में प्रवेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




- देश का ऊर्जा भंडारण प्रणाली 2030 तक तीन लाख करोड़ होने का अनुमान

ओला इलेक्ट्रिक ने देश के एक लाख करोड़ रुपये के बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बाजार में प्रवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

कंपनी ने अपना पहला आवासीय बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) समाधान ओला शक्ति पेश किया है। देश के बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बाजार के 2030 तक बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाने का अनुमान है। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) भविश अग्रवाल ने कहा, '' भारत को ऊर्जा की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है; बल्कि वह ऊर्जा भंडारण के अवसर को देख रहे हैं।ओला शक्ति के साथ हम उस अवसर को ऊर्जा स्वतंत्रता में बदल रहे हैं।''अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ने इलेक्ट्रिक परिवहन के लिए विश्वस्तरीय बैटरी एवं सेल प्रौद्योगिकी का निर्माण किया है। ओला शक्ति इस नवाचार को घरों तक पहुंचाती है, जिससे उन्हें स्वच्छ ऊर्जा को समझदारी से संग्रहीत और उपयोग करने में मदद मिलती है।

# भारत में 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के जरिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत में लगभग 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के माध्यम से होते हैं और देश समावेशी और सुरक्षित डिजिटल सार्वजनिक मंच के मामले में अध्ययन का विषय बन सकता है। गवर्नर ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के दौरान आरबीआई द्वारा आयोजित 'डिजिटल सार्वजनिक मंच' (डीपीपी) के माध्यम से आर्थिक मजबूती बनाने पर उच्च-स्तरीय बातचीत' में यह कहा। डीपीपी समावेशी वृद्धि और नवाचार का एक महत्वपूर्ण जरिया बन गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि डिजिटल पहचान (आधार) और तुरंत भुगतान (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस... यूपीआई) ने सफलतापूर्वक यह प्रदर्शित किया है कि बड़े पैमाने पर मजबूत, लागत-प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण प्रणाली कैसे बनाई जाए।

**कार्यालय, अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.**
क्रमांक / 2198 / निर्वाह / 2025 E mail - Jssjamarwara@mp.gov.in, अमरवाडा, दिनांक 12/10/25
**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26**
**mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना ( छटवी / सातवी / ग्यारहवी आमंत्रण)**
जेल मुख्यालय, म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक 109 / निर्वाह शाखा / 25, दिनांक 02.01.2024 एवं अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर का पत्र क्रमांक 361 / निर्वाह शाखा / 25 दिनांक 10.01.2025 निदेर्शानुसार कार्यालय अधीक्षक, सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा जेल में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम - 1968 तथा म०प्र० भण्डार क्रय नियम-2015 ( यथा संशोधन - 2022 ) के तहत खण्ड - 1 खाद्यान्न, खण्ड - 2 सब्जी / फल दूध दही अण्डे, खण्ड - 3 दवाईयाँ, की छटवी / सातवी / ग्यारहवी वार्षिक निविदाएं ई-टेंडर के माध्यम से दिनांक 04.11. 2025 को शाम 05:30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 14.10.2025 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म की निविदा हेतु 1000/- रूपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा किया जाएगा। | 30.10.2025 को समय 05.30 बजे तक | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| प्रिबिड मीटिंग | 03.11.2025 | कार्यालय सब जेल अमरवाडा |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 04.11.2025 को सांयकाल 05:30 बजे तक | वेवसाईट mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 06.11.205 को प्रातः 11:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 06.11.2025 को प्रातः 12.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 08.11.2025 को दोपहर 12:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड से पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।
G-20192/25 अधीक्षक, सब जेल अमरवाडा, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.

**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा (ई-निविदा), इंजीनियरिंग विभाग
निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-148-2025 दिनांक 13.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मान के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 16424239/-, **बयाना राशि रूपयेः** 232100/-, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-149-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 8867074/-, **बयाना राशि रूपयेः** 177400/-, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-150-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 13199848/-, **बयाना राशि रूपयेः** 216000/-, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-151-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 11486891/-, **बयाना राशि रूपयेः** 207400/-, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-152-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 11789177/-, **बयाना राशि रूपयेः** 209000/-, **उपरोक्त सभी निविदाओं की समापन अवधिः** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं की निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 06/11/2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं की निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 06/11/2025। उपरोक्त ई-निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# बच्चे की तरह बयानबाजी क्यों कर रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति होकर भी उनकी हरकतें उस बिगड़ैल बच्चे के समान होती जा रही हैं जो अपनी जिद पूरी न होने पर चीखता-चिल्लाता और हाथ-पैर पटकता है। उनकी हर टिप्पणी हैरान करने वाली होती है। वो ऐसे इंसान हैं, जो कभी भी, कुछ भी कह सकते हैं। कभी भारत को डूबती अर्थव्यवस्था बताने वाले ट्रंप अब कह रहे हैं कि जल्द ही भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज पीएम मोदी ने मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। दरअसल, अमेरिका अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 फीसदी रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। जिस दिन से टैरिफ लगा है ट्रंप समेत अमेरिकी प्रशासन के अनेक सदस्य भारत को लेकर बयानबाजी करते आ रहे हैं। खुद ट्रंप भी लगातार ऐसा कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने ऐसा ही किया था। वो लगातार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने ही युद्ध विराम करवाया था। डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान शांति कायम करने में मदद की थी। उनके हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध के कगार से पीछे हटने को मजबूर हुए। ट्रंप की यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 टैरिफ के लागू होने से कुछ घंटे पहले आई थी। हालांकि, भारत शुरू से ही ट्रंप के सीजफायर कराने के दावे को खारिज करता रहा है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। ऐसे ही उन्होंने भारत की दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था को डूबता हुआ बता दिया था। इसी से साफ हो गया था कि ट्रंप एक दिग्भ्रमित या फ्रस्टेटेड राजनेता हैं और ये उनकी नकारात्मक सोच है। ट्रंप को समझ लेना चाहिए कि कौए के कोसने से आसमान नहीं गिरा करता। भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व की प्रमुख गतिशील इकोनॉमी है जिसने ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ दिया है। एशियाई विकास बैंक ने भी 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जाहिर किया है। भारत में कार्यक्षम युवा आबादी की औसत आयु 28.8 वर्ष है जबकि अमेरिका में 38.5 वर्ष है। इस लिहाज से जवान सक्रिय वर्क फोर्स या कार्यबल के मामले में भारत बेहतर स्थिति में है। भारत में प्रचुर मानव संसाधनों के अलावा तकनीक में कुशल युवा भी बड़ी तादाद में हैं जो अंतरिक्ष, एआई आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहकर देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में लगे हैं। इकोनॉमी को यही आगे बढ़ाते हैं। ट्रंप के कहने से न तो इकोनॉमी बढ़ने वाली है और न ही डूबने वाली। अब वो दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। जबकि भारत पूरी तरह से साफ कर चुका है कि वो अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए फैसले लेने को स्वतंत्र है। इसके लिए हमें अमेरिका तो क्या दुनिया की कोई भी ताकत बाध्य नहीं कर सकती। इसके बावजूद ट्रंप अपना राग अलाप रहे हैं। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया है। वो बार-बार ऐसा करके दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब का नया भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। वो अपने फैसले खुद करता है।



राहत
योगेश कुमार सोनी

# ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको यह बताते हैं कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। ऐसे पटाखों को पूरे देश में लाने के लिए सरकार काम कर रही है। अब यदि दिल्ली-एनसीआर के परिवेश में बात करें तो बीते कुछ वर्षों में यहां की आबोहवा में जरूरत से ज्यादा फर्क आ गया। बढ़ते ट्रांसपोर्ट, पराली जलाने और इसके साथ ही पटाखों के प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर के लोगों की जान आफत में रहती है। दरअसल, यह वो समय होता है कि प्रदूषण हवा में घुलकर रह जाता है क्योंकि सर्दी की प्रारंभिकता होती है और मौसम में बदलाव की वजह से हवा नहीं चलती जिससे यह 50 से 70 फुट तक ही घूमता रहता है। इस वजह से सांसों के जरिये हमारे शरीर में घुसकर यह स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार करता है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें, इस मामले में हर कोई गंभीरता दिखाते हुए काम कर रहा है। बीते दशक भर में दिल्ली में दिवाली के आसपास प्रदूषण की स्थिति खतरनाक हो जाती है और कोर्ट का मानना है कि पटाखों से प्रदूषण और अधिक हो जाता है। इस प्रकरण की अहम बात यह है कि पटाखों में प्रतिबंध के बावजूद ब्रिकी में कोई कमी नहीं आती। चूंकि प्रशासन की सेटिंग से दुकानदार धड़ल्ले से पटाखें बेचते हैं और लोग जमकर खरीदते भी हैं। बीते 7 अक्टूबर दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी और ग्रीन पटाखों की अनुमति लेगी जैसा कि वर्ष 2019 से दिल्ली में सभी पटाखों पर बैन है और मुख्यमंत्री ने जनभावना को देखते हुए सीमित ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत मांगी थी। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट पटाखों से प्रतिबंध हटाता है तो हम वो सभी कदम उठाने को तैयार हैं कि जिससे निर्देशों का पूरी तरह से पालन होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अगर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध हटा लिया जाता है तो हम अदालत के आदेश के आलोक में आवश्यक कदम उठाने के लिए तुरंत एक बैठक करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आदेश का पालन हो। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से आम पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है लेकिन कई वर्षों से पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार न तो इसके लिए कोई काम कर पाई थी और न ही जागरुकता फैला पाई थी। इस बार बारी भारतीय जनता पार्टी की जिसको इस कसौटी पर खरा उतरना बाकी है। चूंकि आम आदमी पार्टी के समय में बीजेपी के कई बड़े नेता इस मामले को लेकर केजरीवाल को घेरते थे और कहते थे कि थे कि पटाखे पर बैन लगाना हिंदुत्व पर प्रहार है हालांकि आदेश हर बार कोर्ट का ही होता था और अब



भी कोर्ट का ही है लेकिन दिल्ली सरकार अब अपनी कितनी सक्रियता दिखाते हुए किस तरह का हल निकालती है,यह देखना बाकी है। दरअसल हम प्रदूषण को लेकर आज तक यह तय नहीं कर पाए कि इसकी असली वजह क्या है? इस मामले को लेकर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है। कुछ कहते हैं कि सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ ही जाता है और बीते लगभग दो दशकों में दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक प्रदूषण बढने का कारण यह रहा कि दिल्ली से सटे हर कोने में जितनी हरियाली थी वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बन चुकी हैं। जैसे कि गाजियाबाद से सटे राज नगर में लाखों फ्लैट बन चुके। दूसरी ओर गुरुग्राम में जितनी हरियाली थी आज वहां एक-एक इंच जगह किसानों ने बेच दी और मुआवजे में आ चुकी और वहां भी लाखों फ्लैट बन चुके बल्कि एशिया के सबसे महंगे फ्लैट बिकने लगे। वहीं तीसरी ओर लोनी बॉर्डर चौथी और फरीदाबाद में भी यही स्थिति है। इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि हमेशा पराली को लेकर भी प्रदूषण को सबसे बड़ा कारण है चूंकि लेकिन पराली जलाने से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है क्योंकि यह हवा में हानिकारक गैसों और कणों को छोड़ता है जैसे कि मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर। यह धुंध का निर्माण करता है जो शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करता है। पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर सर्दियों के महीनों में विशेष रूप से गंभीर होता है,क्योंकि धीमी हवाएं इन प्रदूषकों को शहर के ऊपर फंसा लेती हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में हर रोज सैकड़ों वाहन खरीदे जाते हैं अर्थात राजधानी में अपनी क्षमता से अधिक वाहन हो चुके जो प्रदूषण बढ़ने का भी एक बड़ा कारण है। पटाखों को लेकर कोर्ट की सबसे जटिल समस्या यह है कि दीपावली आने का समय सर्दी होती है और उस समय दिल्ली में प्रदूषण की प्रारंभिकता बहुत बढ़ जाती है और कोर्ट द्वारा यह समझा जाता है कि पटाखे जलाने से प्रदूषण बहुत अधिक मात्रा में बढ़ जाता है। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद पटाखों के बेचने व खरीदने में किसी प्रकार की कोई कमी देखने को नहीं मिलती। ग्रीन पटाखों के नाम पर हल निकालने का प्रयास किया जाता है लेकिन वह भी अब तक विफल है। पटाखों पर प्रतिबंध कुछ लोग अपनी आस्था पर चोट समझते हैं जिसको लेकर कई हिंदूवादी संगठनों व नेताओं के ब्यान हर वर्ष देखने व सुनने मिलते हैं। यह बात तो तय है कि दिवाली हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है और इस पर्व पर आखिर पटाखे न जलाकर कैसे पर्व पूरा समझा जाए। जब से सनातन का उदय हुआ है तब से यह प्रथा चली आ रही है और वह भी हम न निभा पाएं तो त्योहार पूरा नहीं लगता।

सवाल यही है कि दिल्ली में इसका समाधान कैसे संभव है चूंकि अब हर वर्ष यही देखने व सुनने को मिलता है जो हिंदुओं को कुंठित कर रहा है। कोर्ट व जनता के बीच फंसा यह भावनात्मक घटनाक्रम अब निराशा के रूप में बड़ा आकार ले रहा है। हाल ही में दिल्ली में कई जगहों पर अवैध रूप से पटाखे बेचने पर छापेमारी भी की जा रही है लेकिन बावजूद इसके ब्रिकी धड़ल्ले से जारी है। इसमें एक सवाल यह उठकर आ रहा है कि आखिर राजधानी में इतना पटाखा कहां से आ रहा है? चूंकि पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बावजूद इतनी मात्रा में आखिर किस तरह इतने बम-पटाखे लाए जा रहे हैं? हालांकि स्थिति स्पष्ट है कि बिना प्रशासन की मिलीभगत से यह कैसे भी संभव नहीं है,तो फिर यह ड्रामा क्यों किया जा रहा है? इस खेल में कई लोग फंस सकते हैं। बहरहाल कोर्ट व सरकार ने इसका कुछ समाधान तो निकाला जिससे लोगों के मन की कुंठा भी निकली व त्योहार भी मन जाएंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## श्रद्धांजलि

डॉ. घनश्याम बादल



# असमय जाना 'कर्ण' का


दूरदर्शन सीरियलों 'महाभारत' के कर्ण और 'चंद्रकांता' के शिवदत्त जैसे ऐतिहासिक पात्रों का जीवंत अभिनय करने वाले एक्टर और निर्देशक पंकज धीर का जाना उन दर्शकों को अधिक अखरेगा जो शांत और गहरा अभिनय देखने के लिए टेलीविजन सेट खोलते हैं या फिल्म हॉल में जाते हैं । हालांकि पंकज धीर लोकप्रिय सिनेमा में कोई बहुत बड़ा नाम नहीं थे लेकिन फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन धारावाहिकों में उनकी उपस्थिति हमेशा उल्लेखनीय रही। टेलीविज़न के इतिहास में यदि किसी अभिनेता ने अपने अभिनय से देवताओं, योद्धाओं और आदर्श पुरुषों के चरित्र को जीवंत किया है, तो उनमें पंकज धीर का नाम अग्रणी रहा । "महाभारत" के कर्ण के रूप में उन्होंने जो छाप छोड़ी वह अमिट है। चंद्रकांता धारावाहिक में भी शिवदत्त के छोटे से रोल में उनका एक डायलॉग 'कोई शक' दर्शकों के दिलों दिमाग पर छाया रहा। पंकज धीर का अभिनय केवल संवादों तक सीमित नहीं था, बल्कि भाव-भाषा और भंगिमा पर उनकी गज़ब की पकड़ को दर्शाता था। पंकज धीर 9 नवंबर 1956 को मुंबई में फिल्मी परिवार में जन्मे,उनके पिता सी.एल. धीर हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक थे। अभिनय कला उन्हें विरासत में मिली। पंकज धीर ने भी अध्ययन पूरा करने के बाद फिल्मों में आना चुना और 1983 में फिल्मी करियर की शुरुआत की। समय के साथ उन्हें बड़ी फिल्में भी मिलने लगीं जिनमें "खून भरी मांग", "क्रोध", "बाज़ीगर", "तीसरी आंख", "सोने पे सुहागा", "सैनिक", और "सोल्जर" जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। उनके किरदार प्रायः गंभीर, संयमी और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले रहे। लेकिन पंकज धीर को असली पहचान मिली महाभारत से। 1988 में बी.आर. चोपड़ा निर्मित "महाभारत" धारावाहिक में कर्ण की भूमिका ने पंकज धीर को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया। कर्ण का पात्र जटिल भावनाओं, आदर्शों, त्याग और त्रासदी का प्रतीक था।



पंकज धीर ने इस भूमिका को न केवल सशक्त अभिनय से जीवंत किया, बल्कि उसे ऐसा मानवीय रूप दिया कि आज भी दर्शक "कर्ण" का नाम सुनते ही उनके चेहरे को याद करते हैं। उनकी आंखों की गहराई, संवादों की गंभीरता और नैतिक द्वंद्व की अभिव्यक्ति ने उन्हें भारतीय टेलीविज़न के पारंगत एवं लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल कर दिया। "महाभारत" के इस पात्र ने पंकज धीर को प्रसिद्धि और सम्मान दोनों दिलाए । "महाभारत" के बाद भी पंकज धीर ने कई अन्य धारावाहिकों में भी प्रभावी भूमिकाएँ निभाईं जैसे "बेताल पच्चीसी" में रहस्यमय नायक "चंद्रकांता" में राजसी व्यक्तित्व "युग", "दीया और बाती हम", और "बड़े अच्छे लगते हैं" जैसे धारावाहिकों में भी उन्होंने चरित्र निभाए। उनके अभिनय में परिपक्वता और शालीनता की झलक हमेशा बनी रही। पंकज धीर केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक सक्षम निर्देशक भी हैं। उन्होंने फिल्म "बैड बॉय" का निर्देशन किया, जिसमें उनके पुत्र निकितिन धीर ने मुख्य भूमिका निभाई। वे नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए एक अभिनय प्रशिक्षण संस्थान भी चलाते थे। कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने वाले पंकज धीर की पत्नी अनीता धीर, स्वयं अभिनेत्री व डिजाइनर हैं। पुत्र निकितिन धीर ने भी चेन्नई एक्सप्रेस, डब्बा, शेरशाह जैसी फिल्मों में काम किया है। पंकज धीर का व्यक्तित्व अभिनय से कहीं बड़ा रहा। वे मानते थे "अभिनय केवल अभिनय नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है।" भारतीय टेलीविज़न में जिस गंभीरता और गरिमा के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई, वह उन्हें औरों से अलग करती थी । अभी भी केवल 68 वर्ष के थे और लंबी पारी खेल सकते थे लेकिन कैंसर से एक बार जंग जीतने के बावजूद वह पुनः उससे पीड़ित हुए और उन्हें जिंदगी की जंग हारनी पड़ी। एक प्रकार से पंकज धीर का अपने बेटे को फिल्म जगत में अच्छे से स्थापित करने का सपना भी उसी तरह अधूरा रह गया जैसे महाभारत में कर्ण का दुर्योधन को हस्तिनापुर का निर्विवाद शासक देखना और महाभारत का विजेता बनने का सपना अधूरा रह गया था। पिछले कुछ समय से जिस प्रकार फिल्मी दुनिया को विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और इरफान जैसे कई बड़े कलाकार कैंसर की घातक बीमारी के कारण खोने पड़े हैं, वह एक चिंतनीय विषय है और आधुनिक जीवन शैली पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न भी खड़ा करता है। यह सजग भी करता है कि ग्लैमर की दुनिया में सादगी और आत्म संयम भी बहुत जरूरी है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
## दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्त्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

# कोयला और चंदन



संकलित
## प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## सटाका




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदुरुस्त रहने के लिए लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। *– ब्रिजेश पटेल, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### बस्तर नक्सली हिंसा मुक्त



यह अत्यंत हर्ष की बात है कि आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हैं, जिन्हें सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### न्याय की दिशा



हमारे प्यारे जुबिन के लिए न्याय की दिशा में एक और कदम। सिंगापुर पुलिस के अधिकारी 21 अक्टूबर को विशेष पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) और विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व वाली असम पुलिस टीम से मिलेंगे।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### साईं चाँडूराम को श्रद्धांजलि



सिंधी समाज के संत शिरोमणि, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, साईं चाँडूराम साहिब के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उनका जीवन-दर्शन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### निष्पक्ष और तेज़ जांच हो



पिछले महीने मशहूर गायक जुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत ने देशभर के संगीत प्रेमियों को झकझोर दिया था। सरकार से हमारी अपील है कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले की निष्पक्ष और तेज़ जांच कराई जाए। इस मामले की न्यायिक प्रक्रिया को भी तेज़ किया जाए।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# उरुग्वे में इच्छामृत्यु देने वाला कानून किया पारित


उरुग्वे की सीनेट ने इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर दिया है जिससे यह दक्षिण अमेरिकी देश उन कुछ अन्य देशों में शामिल हो गया है जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज अपना जीवन समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को उठाए गए इस कदम से उरुग्वे कैथोलिक बहुल लैटिन अमेरिका में कानून के तहत इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला पहला देश बन गया है। उरुग्वे में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की सीनेटर पेट्रीसिया क्रेमर ने देश की राजधानी मोंटेवीडियो में सांसदों से कहा, 'जनमत हमें इस पर विचार करने के लिए कह रहा है।' पिछले पांच साल से रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहे इस कानून ने बुधवार को उस समय आखिरी बाधा पार कर ली जब संसद के उच्च सदन में 31 में से 20 सीनेटर ने इसके पक्ष में मतदान किया। निचले सदन ने अगस्त में इस विधेयक को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी थी। चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ 'ब्रॉड फ्रंट' गठबंधन के सांसदों ने इच्छामृत्यु के अधिकार का जोरदार बचाव किया और इसके लिए चलाए गए अभियान की तुलना तलाक एवं समलैंगिक विवाह की वैधता से की। अमेरिकी राज्यों, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन करने का अधिकार केवल उन लोगों को दिया जाता है जिनके जीने की संभावना छह महीने या एक साल से अधिक नहीं है।



## ऑफ बीट

# दुनिया में हर साल बढ़ेंगे 57 अत्यधिक गर्म दिन

दुनिया इस सदी के अंत तक हर साल लगभग दो महीने तक 'अत्यधिक गर्म' दिनों का सामना करेगी और इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व गरीब देशों पर पड़ेगा, जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों को इसकी मार कम झेलनी पड़ेगी। बृहस्पतिवार को जारी एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हालांकि, 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के बाद से उत्सर्जन कम करने के प्रयासों ने गंभीर स्थिति को कुछ हद तक रोका है। अध्ययन के मुताबिक, अगर यह समझौता नहीं हुआ होता तो पृथ्वी को हर साल 114 और घातक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' और अमेरिका स्थित 'क्लाइमेट सेंट्रल' के वैज्ञानिकों ने विभिन्न मॉडल की वास्तविक समय के साथ तुलना करते हुए कंप्यूटर के जरिए यह गणना की है कि पेरिस समझौते से कितनी राहत मिली है। अध्ययन के अनुसार, यदि सभी देश अपने वादों को पूरा करते हैं और वर्ष 2100 तक तापमान 2 .6 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो दुनिया को अब की तुलना में 57 अतिरिक्त गर्म दिन झेलने होंगे। लेकिन यदि तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की वैज्ञानिक क्रिस्टिना डाल ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से दर्द और नुकसान तो होगा।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए, दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *


## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली
### एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली।' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडाः** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापानः** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीनः** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिकाः** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!


## हंसगुल्ले



**मोनूः** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनूः** आखिर क्यों?
**मोनूः** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।
-सौम्या, रोहतक

**सोहनः** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहनः** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहनः** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहनः** माचिस! -विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

**बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता
राकेश सोहम



# दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**माही, महासमुंद**



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

मित्रसंघ और नगर निगम द्वारा आयोजित जिले की सबसे बड़ी निबंध प्रतियोगिता में उमड़ा उत्साह

# 8333 बच्चों ने निबंध लिखकर बनाया नया रिकॉर्ड






हरिभूमि, जबलपुर।

स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ जबलपुर में इतिहास रचा गया। मित्र संघ द्वारा नगर निगम के सहयोग से तथा मेगा माइंड के साथ आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के छठवें संस्करण में 8333 विद्यार्थियों ने भाग लेकर नया रिकॉर्ड कायम किया। एमएलबी स्कूल मैदान में हुए इस भव्य आयोजन में हजारों बच्चों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। इसके बाद स्कूली बच्चों ने स्वच्छता और देशभक्ति पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। मंच से गूंजते नारों और तालियों की गड़गड़ाहट ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

**स्वच्छता की शपथ के साथ नई पहल**

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उपस्थित लगभग 10 हजार लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा अगले वर्ष अगर प्रतियोगिता में 10 हजार से अधिक बच्चे भाग लेंगे तो प्रथम विजेता को 1 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने आयोजकों को स्वच्छता और जागरूकता को जोड़ने वाली इस पहल के लिए बधाई दी।

**अभूतपूर्व आयोजनः सांसद दुबे**

मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे ने प्रतियोगिता को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की भागीदारी यह साबित करती है कि जबलपुर जागरूकता और स्वच्छता दोनों में आगे है।

**हर बच्चा विजेता : विधायक रोहाणी**

विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाला हर बच्चा विजेता है, क्योंकि वह शहर को स्वच्छ बनाने के मिशन में सहभागी है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर भी जोर दिया।

**लोकनृत्य और नाट्य मंचन बना आकर्षण**

ब्लेसिंग किड्स स्कूल के छात्रों ने बुंदेलखंडी लोकनृत्य से स्वच्छता का संदेश दिया, जबकि आकर्षण किड्स स्कूल के बच्चों ने नाटक ऑपरेशन सिंदूर से दर्शकों को प्रभावित किया।

**120 स्कूलों की भागीदारी, मैदान पड़ा छोटा**

जबलपुर के 120 स्कूलों के छात्रों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। उत्साह का आलम ऐसा रहा कि एमएलबी मैदान भी छोटा पड़ गया।

**यह रहे मंचासीन, इन्होंने किया स्वागत**

मंच पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी मेंबर राम सोनकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन में सच्चिदानंद शेकटकर, परितोष वर्मा, शालिनी वर्मा, शुभम शुक्ला, महेश झारिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम तिवारी ने किया।

**विजेताओं के चेहरों पर झलकी खुशी**

**ग्रुप ए में-**

अक्षित कुमार सुमन (माउंट लिट्रा) – लैपटॉप व 11 हजार रुपये। गौरव सोनी (बेथेल मिशन) – 51 सौ रुपये व टैबलेट। आरुषि भट्ट (सेंट जोसेफ कॉन्वेंट) – 31 सौ रुपये व स्मार्टवॉच

**ग्रुप बी में-**

प्राची कोरी (केवी नं.2 जीसीएफ) – लैपटॉप व 11 हजार। परिविता कुलस्ते (सत्य प्रकाश स्कूल) –51 सौ रुपये व टैबलेट। तनवी पटेल (ब्लेसिंग किड्स) – 31 सौ रुपये व स्मार्टवॉच। **लाइव क्विज विजेता:** आशिम पवैया (सेंट जेवियर्स) और सम्यक जैन (क्राइस्टचर्च) को साइकिल मिली।




# विश्व खाद्य दिवस पर जनकृविवि में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि), जबलपुर में विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी थीम "बेहतर भोजन एवं एक अच्छे भविष्य के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुटता" रही।

कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसमें अवनी शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य वक्ता डॉ. पी.के. नेमा (एनआईएफटीईएम, सोनीपत) ने उन्नत खाद्य सुरक्षा की तकनीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. रवि अग्रवाल, डॉ. अर्चना पांडे, डॉ. प्रवीण पटले सहित विश्वविद्यालय के कई अधिकारी, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना पांडे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रवीण पटले द्वारा किया गया। इस अवसर पर संचालक विस्तार सेवायें डॉ. टी.आर. शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, उप लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, आईबीएम डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. बी.के. दीक्षित, डॉ. दीपक राठी, डॉ. कीर्ति तंतुवाय, डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. प्रतिभा परिहार, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. सोमनाथ सर्वेदे, प्राध्यापक, वैज्ञानिक और छिंदवाड़ा उद्यानिकी महाविद्यालय के छात्र, श्रीराम इन्सूट्यूट, जबलपुर के छात्र और विभाग के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रूपेश सिंह भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम के चयनकर्ता बने



**जबलपुर।** रूपेश सिंह, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं वर्तमान में बी लाइसेंस फुटबॉल कोच को 80वीं भारतीय रेलवे फुटबॉल चैम्पियनशिप कोलकाता में 22 से 30 अक्टूबर तक एवं चितरंजन में 22 से 31 अक्टूबर तक रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के द्वारा आयोजित इंटर रेलवे फुटबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। रूपेश सिंह की इस उपलब्धि पर श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय महाप्रबंधक पमरे, कुशाल सिंह अध्यक्ष महासचिव पमरे खेलकूद संध, जीपी शिवनारायण महासचिव पमरे, डॉ. श्याम सुंदर मुख्य चिकित्सा निर्देशक, डॉ. बीसीएस राव, डॉ. आशुतोष गर्ग, डॉ. सीमा मेहरा, अमुचिनि, अमित रंजन देव, मधु यादव, विशाल बन्ने, प्रशांत मिश्र, एसडब्ल्यू नकवी, अरुण यादव सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पीएफसी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर स्थापना पर ली जा रही प्रतिक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और प्रमाणिक

**जबलपुर।** हाल ही में विद्युत उपभोक्ताओं को पीएफसी लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम) की ओर से आरडीएसएस नाम से एक संदेश प्राप्त हो रहा है। इस संदेश में बताया गया है कि संबंधित उपभोक्ता के कनेक्शन पर स्मार्ट बिजली मीटर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है तथा उपभोक्ता से अपनी बहुमूल्य प्रतिक्रिया साझा करने का अनुरोध किया गया है।विद्युत उपभोक्ताओं के बीच इस संदेश को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि कहीं यह संदेश भ्रामक (फेक) या असुरक्षित तो नहीं। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि यह संदेश पूरी तरह से प्रमाणिक और सुरक्षित है। यह पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी द्वारा भेजा गया आधिकारिक संदेश है, जो आरडीएसएस के अंतर्गत स्मार्ट मीटर परियोजना से संबंधित है।

# श्री त्रिभुवनदास मालपाणी विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



जबलपुर।

जगन्नाथ दास प्रेमवती वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में श्री त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिलौनीगंज में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अशोक, कदम, पम्प ट्रीट, कैरी कैम्पस आदि के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में श्रीमती श्रद्धा मालपाणी, प्राचार्य राजकुमार मिश्रा, सी.ई.ओ. प्रदीप, गोपाल सेन, मनोज यादव, सत्येंद्र दास गुरु, आबिद हुसैन खान, विवेक व्यास, आशीष नेमा, कुसुम मसी, सुधा तिवारी, अनिता मिश्रा, दर्शना अग्रवाल एवं अरुणा तिवारी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस आयोजन में श्री कृष्ण मालपाणी और श्रीमती अर्पिता मालपाणी का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं जूडो खिलाड़ियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया।



## सुरेश चंद्र यादव को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड'

**जबलपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में अपने अद्वितीय योगदान और दृष्टिबाधित समुदाय के उत्थान हेतु आजीवन समर्पण के लिए ज्ञानमगंगा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जबलपुर के वरिष्ठ शिक्षाविद् सुरेश चंद्र यादव को "लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व श्वेत छड़ी दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया गया। श्री यादव ने अपने जीवन के कई दशक शिक्षा, सेवा और समाज उत्थान को समर्पित किए हैं। उन्होंने समाज में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पति की संपत्ति दिलाने के नाम पर हड़पे 34 लाख

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानांतर्गत एक महिला के पति के दोस्त ने पति की मौत के बाद पति की निर्माणाधीन इमारतों का काम पूरा कराने के नाम पर अपने चालक के साथ मिलकर 34 लाख रुपये की चपत लगा दी। आरोपी व्यक्ति कार चालक व उसकी बहन के खिलाफ अपराधिक न्याय भंग की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। संजीवनी नगर थाना प्रभारी बीडी द्विवेदी ने बताया कि जगदीश अखाड़ा रानीताल निवासी श्रीमती शारदा यादव के पति की गत वर्ष भोपाल में सडक़ हादसे में मौत हो गई थी। शैलेन्द्र गौतम उसके पति को अच्छी तरह से जानता था। शैलेन्द्र एक दिन शारदा को रानीताल में मिला और शारदा को बताया कि उसके पति ने सूरतलाई व पौड़ी में जमीन खरीदी है कुछ जमीन मालिकों पेमेंट भी किया है। वहीं कुछ जमीन वालों का अभी भुगतान अटका है। शैलेन्द्र ने शारदा यादव को जमीन ले जाकर दिखाई और कहा कि यदि इन जमीनों को भुगतान नहीं करोगे तो यह जमीन मालिक ही हड़प लेंगे। शैलेन्द्र गौतम ने अपने साथी की पत्नी शारदा यादव से कहा कि मेरी कुछ जमीन वालों से बात हुई है। यदि पैसा दो तो पूरा काम करवा दूंगा। शैलेन्द्र ने महिला से 35 लाख रुपये मांगे। उसने कहा कि यदि 35 लाख दोगी तो निर्माणाधीन बिल्डिंग में छपाई, टाइल्स और बचा हुआ काम करवा दूंगा। शारदा ने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है तो शैलेन्द्र गौतम बोला कि मैं तुम्हारा मकान गिरबी रखा कर लोन दिला दूंगा। इस काम के लिए गारेंटर और गवाह अपने दोस्तों को बना दूंगा। लोन के लिए शैलेन्द्र गौतम, शारदा यादव को श्रीराम फाइनेंस शाखा कमला नेहरू नगर ले आया। शैलेन्द्र ने शारदा यादव को पांडे चौक स्थित महिला बैंक से 24 लाख रुपये मार्टगेज लोन दिलवा दिया। इसी तरह फोन पे से भी 3.50 लाख रुपये का लोन दिला दिया।

## खालसा महाविद्यालय में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में गुरुवार को इएलसी द्वारा मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर. एस. चंडोक ने किया। उन्होंने कहा, "मतदान केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है। युवा वर्ग को लोकतंत्र के प्रहरी बनकर कार्य करना चाहिए।" विद्यार्थियों ने हमारा वोट, हमारा अधिकार व मतदान, लोकतंत्र की पहचान जैसे विषयों पर सुंदर और संदेशप्रद कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकृति टेकराम (बी.एड. प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय स्थानः श्रद्धा ठाकुर (बी.कॉम. प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान कृष्णा अहिरवार (बी.ए.एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया।



इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापकगण श्रीमती शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, श्रीमती प्रकृति विश्वास, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. अम्बिका तिवारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## छठ पूजा स्थलों पर व्यवस्थाओं की मांग

**जबलपुर।** शहर में उत्तरप्रदेश और बिहार के लोग निवास करते हैं और वृहद स्तर पर सामूहिक रूप से छठ पूजा करते हैं। शहर में लगभग 18 से अधिक स्थानों पर छठ पूजा की जाती है। उपरोक्त सभी स्थानों पर उत्तरप्रदेश-बिहार महासंघ के कार्यकर्ता एवं समाज के पदाधिकारी व्यवस्थाओं को देखते है। आगामी 27 एवं 28 अक्टूबर को छठ पूजा शहर में मनाई जाएगी। छठ पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश, जल एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर उत्तरप्रदेश-बिहार महासंघ ने महापौर, एसपी, कलेक्टर के नाम और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। सभी ने छठ पूजा स्थलों पर अपने स्तर की पर अच्छी व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।इस दौरान महासंघ के संरक्षक शिवजी सिंह, संयोजक डॉ राजेश जायसवाल, अध्यक्ष बनारसी यादव, महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति त्रिपाठी, महामंत्री श्रीमती अन्नू सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रिया सिंह, डॉ नीतू सिंह, युवा अध्यक्ष प्रोफेसर उज्जवल सिंह, संयुक्त महामंत्री अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, बृज किशोर सिंह बिहारी, राजेंद्र यादव, श्री शर्मा , शैलेष सिंह संजय साहू आदि मौजूद रहे।




## एजुकेशनल मेकअप सेमिनार एवं सेंट्रल इंडिया की साड़ी रनवे 26 को

**जबलपुर।** भारतीय संस्कृति, नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदीप्ति चौरसिया द्वारा जबलपुर से प्रतिष्ठित होटल सत्य अशोक में एक भव्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है। पहला सत्र पूर्वान्ह 11 बजे से एजुकेशनल मेकअप सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, इस सेमिनार का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें ब्यूटी इंडस्ट्री में नए अवसरों से जोड़ना है। दूसरा सत्र शाम 06 बजे से सेंट्रल इंडिया की साड़ी रनवे नामक एक पारंपरिक फैशन शो का आयोजन होगा, इसमें भारतीय साड़ी की गरिमा परंपरा और विविधता को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस शो में शहर की महिलाएं एवं सामाजिक महिला संगठन विभिन्न पारंपरिक साड़ियों पर रैम्प वॉक करेंगी, साथ ही बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट ऑफ सेंट्रल इंडिया का सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

आयोजन प्रदीप्ति चौरसिया ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ सौंदर्य प्रदर्शन नहीं है, बल्कि भारतीय परंपरा नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त रूप से समाज तक पहुंचाने का माध्यम है, हर साड़ी भारतीय संस्कृति की आत्मा है, और हर नारी उसकी शान। इस अवसर पर प्रदीप्ति चौरसिया, साधना चौरसिया, नीता चौबे, नीलम सिंह राजपूत, प्रिंसी समैया, किरण मानिक, क्षमा शुक्ला, काजल विश्वकर्मा, राजलक्ष्मी सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जबलपुर के शैक्षणिक हब पर गहरी चोटः 4 विश्वविद्यालयों का कद घटाया

**जबलपुर।** यहां स्थापित 4 बड़े विश्वविद्यालयों का कद घटाये जाने से जबलपुर की शैक्षणिक हब की पहचान पर गहरी चोट पड़ी है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की एक बैठक में इस विषय पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और जिलों के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजकर जानकारी दी गई और उनसे हस्तक्षेप की मांग की है। मंच ने कहा है कि जबलपुर के जिन विश्वविद्यालयों का कद घटाया गया, उनमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, मेडीकल विश्वविद्यालय, वेटरनरी विश्वविद्यालय तथा कृषि विश्वविद्यालय शामिल है। इससे शिक्षण हब पहचान वालें जबलपुर के अस्मिता को भारी चोट पहुंचाई गई है। स्वयं जबलपुर का कद घट गया है।जनप्रतिनिधियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि रादुविवि से कई कॉलेजों को अलग कर छिंदवाड़ा तथा अन्यत्र संबद्ध किया गया है। इसी प्रकार मेडीकल विश्वविद्यालय से नर्सिंग तथा पैरामेडिकल कॉलेजों को अन्यत्र संबद्ध किया गया है। इसी तरह वेटरनरी विश्वविद्यालय से डेयरी साइंस कॉलेज को उज्जैन में स्थापित कर विक्रम विवि से संबद्ध किया गया है। वहीं कृषि विश्वविद्यालय में जगह जगह खोले गए कृषि पाठ्यक्रमों के कॉलेजों को अन्यत्र संबद्ध कर दिया गया है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन आदि महानगरों के यूनिवर्सिटीज से किसी भी कॉलेज को अलग नहीं किया गया है, बल्कि कई कॉलेजों को इन यूनिवर्सिटीज से जोड़ा गया है। केवल जबलपुर में स्थापित यूनिवर्सिटीज में ऐसी विकट स्थिति निर्मित की गई है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं–स.अधि./13/मुख्यालय/2025–26/एम/144
दिनांक :- 16/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निरूपमा मिश्रा पति स्व. श्री आर. के. मिश्रा ने मकान नं. 295 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 618 व.फु.दानपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं–स.अधि./13/मुख्यालय/2025–26/एम/136
दिनांक :- 16/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति चांदवानी पति श्री अनिल कुमार चांदवानी ने मकान नं. 131/07 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती बैसमेंट 165 व.फु. भूतल 165 व.फु.विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं–स.अधि./13/मुख्यालय/2025–26/एम/146
दिनांक :- 16/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मानसी गिदवानी पति श्री अमित कुमार गिदवानी ने मकान नं. 943/2 बी नया 943/4 पुराना वार्ड स्वमी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 827 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं–स.अधि./13/मुख्यालय/2025–26/एम/145
दिनांक :- 16/10/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री 1. सुमित मेहर चंदानी 2. श्री भावेश मेहर चंदानी दोनो के पिता श्री हरीश मेहर चंदानी ने मकान नं. 763 पुराना वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि 1372.5 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/935/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश सोनी S/o हरिभाई सोनी नि.-साउथ सिविल लाईन अंकुर अपार्टमेंट जबलपुर नजूल ब्लाक नं.-19 प्लाट नं.-1/1-KH-2 निर्मित रकवा/ रकवा 1049.78 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- 04/03/2017 मृत्यु दिनांक-14/08/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-19 प्लाट नं.-1/1-KH-2 निर्मित रकवा/ रकवा-1049.78 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-1049.78 व.फु./हे. के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 31/10/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-16/10/2025
पेशी दिनांक-31/10/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/934/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती झूमा वर्मा S/o श्री राजेन्द्र वर्मा नि.-डिलाइट टॉकीज कम्पाउन्ड साउथ सिविल लाईन ने नजूल ब्लाक नं.-21 प्लाट नं.-6/62 निर्मित रकवा/ रकवा 2556 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- 24/01/2017 मृत्यु दिनांक-26/10/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र-खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-21 प्लाट नं.-6/62 निर्मित रकवा/ रकवा-2556 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-2556 व.फु./हे. के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 31/10/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-16/10/2025
पेशी दिनांक-31/10/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर